महानगर नई दिल्ली शनिवार 15 फरवरी, 2020, रु. 5.00 (24+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

## दूरसंचार कंपनियों पर एजीआर के बकाया का मामला

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद जागी सरकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दूरसंचार विभाग ने वैधानिक बकाया समय पर नहीं लौटाने को लेकर दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने को लेकर जारी आदेश वापस ले लिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के अक्तूबर में दिए गए निर्णय के अनुपालन को लेकर तत्काल जरूरी कार्रवाई करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश के अनुपालन नहीं होने को लेकर कड़ा रुख अपनाया जिसके बाद विभाग ने यह कदम उठाया। दूरसंचार विभाग ने आदेश में कहा कि 23 जनवरी 2020 के आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है।

**अवमानना की चेतावनी**

*सुप्रीम कोर्ट* ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और अन्य कंपनियों से कहा कि उसके आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई की जाए?

*दूरसंचार* विभाग ने कंपनियों पर कार्रवाई न करने का आदेश वापस लिया

*बकायेदारों* को नोटिस भेज तत्काल भुगतान का आदेश

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद हरकत में आई सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को आदेश दिया कि वह शुक्रवार की रात 12 बजे से पहले ही 1.47 लाख करोड़ (एजीआर बकाया) का भुगतान करे। दूरसंचार विभाग ने कंपनियों को जोन और सर्किल आधारित बकाया नोटिस भेजे और सभी बकाएदारों से 11.59 बजे रात तक भुगतान करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति एमआर शाह के पीठ ने आदेश का अनुपालन नहीं होने को लेकर कड़ा रुख अपनाया और दूरसंचार विभाग के एक डेस्क अधिकारी द्वारा जारी आदेश पर नाराजगी जताई। आदेश में वैधानिक बकाया समय पर नहीं लौटाने को लेकर दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया था।

शीर्ष अदालत के कड़े रुख के तुरंत बाद विभाग ने अपने ताजा आदेश में कहा- सुप्रीम कोर्ट के 24 अक्तूबर 2019 के फैसले के अनुपालन को लेकर तत्काल कदम उठाए जाने का निर्देश दिया जाता है। इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और अन्य कंपनियों के प्रबंध निदेशक और निदेशकों से कहा कि वे यह बताएं कि उसके आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर उनके खिलाफ क्यों नहीं अवमानना की कार्रवाई की जाए? हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि बकाया राशि में से कितने का भुगतान मध्य रात्रि तक करने को कहा गया है। सभी 15 इकाइयों पर लाइसेंस शुल्क के रूप में 92,642 करोड़ रुपए और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क के रूप में 55,054 करोड़ रुपए बकाया हैं।

### वोडाफोन-आइडिया सर्वाधिक प्रभावित

वोडाफोन-आइडिया सर्वाधिक प्रभावित वोडाफोन आइडिया पर 53,000 करोड़ रुपए का बकाया है। इसमें 24,729 करोड़ रुपए स्पेक्ट्रम बकाया और 28,309 करोड़ रुपए लाइसेंस शुल्क के रूप में बकाया है। भारतीय एअरटेल पर देनदारी करीब 35,586 करोड़ रुपए है। शेष बकाया बीएसएनएल/एमटीएनएल और कुछ बंद/दिवालिया हो चुकी दूरसंचार कंपनियों पर है।



### एअरटेल 10 हजार करोड़ चुकाएगा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एअरटेल ने कहा कि वह 20 फरवरी तकर 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कर देगा। कोर्ट ने इसके भुगतान के लिए 17 मार्च तक का समय दिया है। इस 1.47 लाख करोड़ की रकम में 92642 करोड़ लाइसेंस फीस है और बकाया 55054 करोड़ रुपए स्पेक्ट्रम शुल्क हैं।

# प्रधानमंत्री को केजरीवाल का न्योता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

**शपथ ग्रहण समारोह**

*अरविंद* केजरीवाल रविवार को रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे

*गोपाल* राय बोले, दिल्ली के आम लोगों को किया गया है आमंत्रित

चुनावी जीत की हैट्रिक बनाने के बाद अरविंद केजरीवाल रविवार को रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस समारोह में शामिल होने का न्योता भेजा है। 'आप' के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि शपथ ग्रहण के लिए प्रधानमंत्री सहित करीब 50 विशिष्ट लोगों को न्योता भेजा गया है। इसमें शिक्षक, किसान, मजदूर समेत अन्य विशेष श्रेणियों के लोग शामिल हैं। इनके लिए एक विशेष मंच भी मैदान में तैयार किया जा रहा है।

हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे या नहीं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री अपने तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को 30 से अधिक परियोजनाओं के शुभारंभ के लिए अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे। गोपाल राय ने बताया कि भाजपा के विधायकों और दिल्ली के सातों सांसदों को भी यह आमंत्रण भेजा जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे होगा और जहां अरविंद केजरीवाल अपनी मंत्रिमंडल के साथ शपथ लेंगे। राय ने कहा कि दिल्ली वालों ने एक बड़ी लड़ाई जीती है। मतदाताओं ने नकारात्मक मत से परहेज किया और सकारात्मक विकास के लिए वोट दिया है।

चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद रामलीला मैदान और दिल्ली सचिवालय में भी तैयारियां शुरू हो गई बाकी पेज 8 पर




विशेष पन्ना राजकाज पेज 7 पर

# आलू-प्याज ने बढ़ाई महंगाई, थोक मुद्रास्फीति 3.1 फीसद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 3.1 फीसद हो गई है, जो इससे पिछले महीने में 2.59 फीसद थी। प्याज और आलू जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते यह इजाफा हुआ है।

*सब्जियों* की कीमतें 52.72 फीसद बढ़ीं

*प्याज* की कीमतों में 293 फीसद बढ़ोतरी

मासिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआइ) पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति एक साल पहले इसी महीने (जनवरी 2019) के दौरान 2.76 फीसद थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बाकी पेज 8 पर

### निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक देश के निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट का रुख जारी रहा। इस साल जनवरी के दौरान निर्यात सालाना आधार पर 1.66 बाकी पेज 8 पर

आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कदम उठाने को सरकार तैयार : सीतारमण -बाकी पेज 8 पर

## सारा अब्दुल्ला की अर्जी पर जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।



*सुप्रीम* कोर्ट में दी है उमर अब्दुल्ला की नजरबंदी को चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल कांफ्रेंस के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की जन सुरक्षा कानून के तहत नजरबंदी को चुनौती देने वाली उनकी बहन सारा अब्दुल्ला पायलट की याचिका पर शुक्रवार को जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति इंदिरा बाकी पेज 8 पर

## प्रधानमंत्री तीस से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।



*प्रधानमंत्री* नरेंद्र मोदी का वाराणसी दौरा 16 को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे में 30 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में बाकी पेज 8 पर

## कफील पर अब रासुका, जेल में ही रहना होगा

लखनऊ, 14 फरवरी (भाषा)।



*संशोधित* नागरिकता कानून के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप

संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मथुरा जेल में बंद गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के निलंबित प्रवक्ता डॉक्टर कफील खान पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम बाकी पेज 8 पर

## आधार से नहीं जुड़ा तो 31 मार्च के बाद निष्क्रिय हो जाएगा पैन

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

*पैन* और आधार को जोड़े जाने की समयसीमा पहले ही कई बार बढ़ाई जा चुकी है

आयकर विभाग ने कहा है कि अगर स्थायी खाता संख्या (पैन) को 31 मार्च 2020 तक आधार से नहीं जोड़ा जाता है, वह निष्क्रिय हो जाएगा। पैन और आधार को जोड़े जाने को लेकर समयसीमा कई बार बढ़ाई गई है बाकी पेज 8 पर

# पुलवामा बरसी : सीमापार से नापाक हरकत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

पुलवामा हमले की बरसी पर नियंत्रण रेखा पार से पाकिस्तान सेना ने शुक्रवार को नापाक हरकत की और पुंछ सेक्टर के गांवों एवं भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों पर मोर्टार के गोले दागे। इस गोलाबारी में एक ग्रामीण की मौत हो गई एवं चार अन्य घायल हो गए।

*पाकिस्तानी* गोलाबारी में ग्रामीण की मौत

*पुंछ* के गांवों पर दागे मोर्टार के गोले

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने पुंछ के शाहपुर और करनी इलाकों में गांवों और अग्रिम चौकियों को निशाना बनाकर मोर्टार दागे और छोटे हथियारों से गोलीबारी की। पाकिस्तानी फौज ने गांवों को निशाना बनाने के लिए बाकी पेज 8 पर

### कांग्रेस ने पूछा, किसे हुआ सबसे ज्यादा फायदा

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

राहुल गांधी व कांग्रेस नेताओं ने पुलवामा हमले की बरसी पर शुक्रवार को केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ हमलावर रुख अपनाते हुए सवाल किया कि इस घटना से सबसे ज्यादा फायदा बाकी पेज 8 पर

### राहुल की सहानुभूति जैश व लश्कर से : भाजपा

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

भाजपा ने पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्रवार को उनपर आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा व जैश-ए-मोहम्मद बाकी पेज 8 पर

**जनसत्ता रविवारी**
16 फरवरी, 2020




**कोख, किराया और कानून**

किराए की कोख (सरोगेसी) को लेकर संसद में समय-समय पर बहस और चर्चाएं होती रही हैं। इसके लिए बने कानूनों में संशोधन भी हुए, लेकिन अभी भी देश में सरोगेसी का दुरुपयोग रुका नहीं है। बता रही हैं सुजाता माथुर।

- **कहानी**/ राजेंद्र जोशी • **भाषा**/ आलोक कुमार सिंह
- **योग दर्शन**/ डॉ. वरुण वीर • **शख्सियत**/ रुक्मिणी देवी अरुंडेल
- **दाना-पानी**/ मानस मनोहर • **सेहत**/ रविवारी डेस्क

परीक्षा में सफलता के लिए नींद जरूरी • दीप्ति अंगरीश



- **कविता**/ गौरव वाजपेयी 'स्वप्रिल'
- **कहानी**/ दिनेश चमोला 'शैलेश'

**तारीखी मुकदमा** लंदन की अदालत में भारत की जीत

# भारत लाया जाएगा हैदराबाद के निजाम का खजाना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

**35** मिलियन पाउंड लंदन से आएगा

**2.8** मिलियन पाउंड का हर्जाना भरेगा पाक

भारत ने निजाम के खजाने का बहुचर्चित केस जीत लिया है। भारत को 35 मिलियन पाउंड (लगभग 325 करोड़ रुपए) अपने हिस्से के मिले हैं। लंदन की अदालत में चल रहे 70 साल पुराने इस मुकदमे में पाकिस्तान हार गया है। साथ ही, उसे भारत को केस लड़ने में खर्च हुई रकम का 65 फीसद रकम (26 करोड़ रुपए) भी बतौर हर्जाना देना पड़ा है। निजाम के खजाने को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंदन की अदालत में मुकदमा चल रहा था।

हैदराबाद के निजाम के धन को अदालत के आदेश पर लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग को दे दिया गया है। लंदन के एक बैंक में करीब सात दशक से कई सौ करोड़ रुपए फंसे हुए थे। 70 साल पुराना विवाद बाकी पेज 8 पर




www.readwhere.com

**मौसम**

| तापमान | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 25.4 डि.से. | 25.4 डि.से. | 24.5 डि.से. | 25.5 डि.से. |
| न्यूनतम | 13.7 डि.से. | 13.7 डि.से. | 13.7 डि.से. | 13.7 डि.से. |





**विरोध** कांग्रेस की युवा इकाई एलपीजी की कीमत में बढ़ोतरी के खिलाफ शुक्रवार को पेट्रोलियम मंत्रालय के दफ्तर के बाहर चूल्हे पर रोटियां सेंक कर प्रदर्शन करती हुई।

### अगले चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

# सीधी टक्कर की चुनौती के लिए खुद को करेगी तैयार

**पंकज रोहिला**
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

विधानसभा चुनाव में बहुमत के आंकड़े से दूर रह गई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब पांच साल में होने वाले चुनाव की रणनीति पर मंथन कर रही है। इस बार के चुनाव परिणाम में पार्टी को सबसे बड़ा नुकसान हर सीट पर हुई सीधी टक्कर से हुआ है। इसलिए भविष्य में होने वाले चुनाव के लिए भाजपा खुद को सीधी टक्कर के लिए तैयार करेगी। वहीं, इस चुनाव परिणाम पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी का कहना है कि मेरे कार्यकाल में कुल चार चुनाव लड़े गए। इनमें से 2017 व 2019 हम जीते। और अब 2020 में भी हमारा मत फीसद बढ़ा है।

आम आदमी पार्टी (आप) ने इस पूरे चुनाव को बिजली-पानी और महिलाओं के मुफ्त सफर पर केंद्रित किया था। पार्टी सूत्र मानते हैं कि भाजपा के चुनाव में इसका कोई जिक्र नहीं था। इसके अतिरिक्त महिलाओं के लिए शुरू की गई



मुफ्त बस सेवा भी भाजपा के लिए चुनाव परिणाम में नुकसान का सबसे बड़ा कारण बनी।

महिलाओं व मुख्यतौर पर मुसलिम बहुल इलाकों में आम आदमी पार्टी को समर्थन दिया और एक बार फिर से आप पार्टी को बहुमत का आंकड़ा मिला। ओखला, सीलमपुर जैसी सीटों का यह रुझान भाजपा नहीं समझ पाई। ऐसी करीब 17 सीट पर मतदान एकतरफा होने का असर देखा गया। इन सीटों में 6-7 प्रमुख ऐसी सीटें रही थीं, जिसमें 50 फीसद से अधिक मुसलिम बहुल क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के बड़े चेहरे इस बार फिर से दिल्ली चुनाव मैदान में थे। इन चेहरों की विश्वनीयता के आधार पर यह माना जा रहा था कि दिल्ली में कांग्रेस के प्रदर्शन में सुधार होगा। ऐसे प्रमुख चेहरों वाली सीट में दिल्ली की करीब एक दर्जन सीट थी। जो इस चुनावी दंगल में भाजपा को फंसाने वाली सबसे बड़ी वजह बनी। आठ फीसद तक मत बैंक बढ़ने के बाद भी इन सीटों पर भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा। संभावना जताई जा रही थी कि इन सीटों पर कांग्रेस का मत फीसद 10-12 तक रहेगा, लेकिन चुनाव परिणाम में यह मत फीसद केवल 4-5 फीसद पर ही आकर थम गया।

संकल्प पत्र में हुई देरी भी इस बार चुनाव में पार्टी के लिए नुकसान की वजह रही है। पार्टी सूत्र मानते हैं कि समय पर संकल्प पत्र आने की स्थिति में आम जनता को सभी तथ्यों को सही प्रकार से समझाया जा सकता था। संकल्प पत्र देरी से आने की वजह से पार्टी सभी मुद्दों को जनता के बीच नहीं ला पाई जबकि पार्टी ने जनता को लुभाने वाली कई घोषणाएं की थीं।

## खबरों में शहर

### अश्लील इशारे करने के आरोप में चालक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

एक महिला अधिवक्ता के सामने अश्लील इशारे करने के आरोप में 38 साल के एक कैब चालक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान निलोठी निवासी सतीश शर्मा के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि महिला अधिवक्ता ने गुरुग्राम से दिल्ली उच्च न्यायालय जाने के लिए कैब ली और जैसे ही वह उसमें सवार हुईं कैब चालक ने अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। इस पर अधिवक्ता ने पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी और लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई थी। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 506, 509 के तहत तिलक मार्ग पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### 'हीर रांझा' पर संगीतमय वार्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

भक्तिवर्सिटी ने 'हीर रांझा' पर एक संगीतमय वार्ता का आयोजन किया। कार्यक्रम में इतिहासकार और सामाजिक कार्यकर्ता सुमेल सिंह सिद्धू वारिस शाह की हीर की नई व्याख्या की। भक्तिवर्सिटी की संस्थापक मेधा ने आज के सवालों के उत्तर सूफी भक्ति परंपरा में पाने की बात की। राजस्थान के सूफी गायक मीर बसु मीर, जब्बार खान और क्रिएटिविटी अड्डा के मस्त मलंग बंद ने हीर रांझा पर लिखे सूफी कलाम से शामा बांध दिया। भक्तिवर्सिटी की संस्थापक डॉ मेधा ने प्रेम के ऊपर बात करते हुए मिर्जा गालिब को याद किया। उन्होंने कहा कि 150 साल पुराने मिर्जा गालिब के शेर से प्रेम की रवायत के मायने ढूंढे जा सकते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह रवायत कभी नहीं बदलती। उन्होंने कहा कि फिल्मों में और पुरानी कथाओं में दिखता है कि प्रेम में आप आत्मोत्सर्ग तक जाते हैं, लेकिन हीर रांझा के किस्से को समझने के लिए यह समझना होगा कि आधुनिक मनुष्य जिसकी बुनियाद ही शंका है, वह कैसे एकनिष्ठ हो, कैसे आत्मोत्सर्ग तक पहुंचे? इस कार्यक्रम में पंजाब के इतिहासकार और कार्यकर्ता सुमेल सिंह सिद्धू ने वारिस शाह के हीर रांझा की नई व्याख्या प्रस्तुत की।

### करोड़ों ठगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली में अपने घर की तलाश कर रहे लोगों के साथ ठगी का एक और मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शखा (ईओडब्लू) ने गुरुवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के नाम पर हजारों लोगों से करीब 400 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने रेवांता मल्टी स्टेट सीजीएचएस प्राइवेट लिमिटेड नामक एक कंपनी बनाई हुई थी। आरोपियों की पहचान कंपनी के पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र मान, अध्यक्ष प्रदीप सहरावत और सचिव सुभाष चंद के तौर पर हुई है। इन आरोपियों ने करीब 3997 निवेशकों के साथ ठगी की है। ये आरोपी लोगों को द्वारका में घर बनाकर देने का सपना दिखाते थे।

**गार्गी कॉलेज मामला**

### सीबीआइ जांच की मांग पर अदालत 17 को करेगी सुनवाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के गार्गी कॉलेज में पिछले हफ्ते एक सांस्कृतिक समारोह के दौरान छात्राओं के साथ छेड़खानी की कथित घटना की अदालत की निगरानी में सीबीआइ जांच की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। साथ ही शुक्रवार को ही दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में सैकड़ों छात्रों ने गार्गी कॉलेज की इस घटना के खिलाफ और छेड़छाड़ का सामना करने वाली छात्राओं से एकजुटता जताने के लिए एक मार्च निकाला। इस बीच मामले में गिरफ्तार दस आरोपियों को अदालत से शुक्रवार को जमानत मिल गई।

बता दें कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया गया था। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद याचक दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे।

## छोटे-बड़े नेताओं की नेतागिरी से दिल्ली में हारी भाजपा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

छोटे-बड़े नेताओं की नेतागिरी ने दिल्ली से भाजपा को बहुमत से दूर कर दिया है। शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में सीट हारने का ठीकरा भाजपा के नेता एक-दूसरे पर फोड़ते नजर आए। हार के कारणों में सबसे बड़ी वजह से पार्टी की अंदरूनी कलह और केंद्रीय नेतृत्व के सक्रिय होने के बाद स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता को माना जा रहा है। इसके प्रमाण भी पार्टी के प्रत्याशी साथ लेकर घूम रहे हैं। हालांकि बैठकों में सामने आ रहे इन तथ्यों से पार्टी के नेता चुप्पी साध रहे हैं। यह चुप्पी ही इस बड़े घमासान का बड़ा संकेत है। जल्द ही इसकी विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी।

शुक्रवार को राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशानिर्देशों के बाद दिल्ली भाजपा कार्यलय पर पार्टी के नेताओं ने समीक्षा बैठक शुरू की। इन बैठकों में पार्टी के नेताओं ने हार के कारण जानने की कोशिश की। हार के कारणों को लेकर एक-दूसरे की राजनीति को लेकर घमासान हुआ। बैठक में उपस्थित नेताओं ने निगम के खराब प्रदर्शन और जमीनी स्तर पर सहयोग नहीं करने को इसका एक बड़ा कारण बताया है। सूत्र बताते हैं कि कई सीटों पर भी सामने आया है कि विधानसभा के लिए तैनात किए गए प्रभारी व प्रत्याशी में ही तालमेल नहीं था। सबसे पहली कड़ी की यह चूक भाजपा को हार का बड़ा दर्द दे गई। इन बैठकों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी, राष्ट्रीय महासचिवों अरुण सिंह, सह प्रभारी चुनाव नित्यानंद राय, अनिल जैन व सिद्धार्थन समेत अन्य नेता शामिल हुए। पहली बैठक में उम्मीदवारों, पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने भी शिरकत की।

बैठक में शामिल एक नेता ने बताया कि शाहीन बाग से शुरू हुई राजनीति की आंच भी भाजपा पर भारी पड़ी है। इस पूरे घमासान में मुसलिम वोट एक हो गया था, लेकिन हिंदू वोट को भाजपा अपने पक्ष में नहीं कर पाई।

## राष्ट्रपति ने केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री की सलाह पर छह विधायकों को मंत्री भी नियुक्त किया है। 16 फरवरी को केजरीवाल के साथ जो छह मंत्री भी शपथ लेंगे उसमे मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और राजेंद्र गौतम शामिल हैं। केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने हाल के विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीती हैं।

अधिसूचना में कहा गया है, 'राष्ट्रपति को अरविंद केजरीवाल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए खुशी हो रही है। उनकी नियुक्ति शपथ ग्रहण के दिन से प्रभावी होगी।' एक अन्य अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति ने अपने मंत्रिपरिषद के साथ केजरीवाल द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से दिए गए इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया है।

**'समारोह में शामिल होने के लिए शिक्षकों पर डाला जा रहा दबाव'**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कैबिनेट के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आने वाले अतिथियों को लेकर वार-पलटवार शुरू हो गया है। इस मामले में दिल्ली सरकार की तरफ से एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में रविवार को शिक्षकों को भी रामलीला मैदान पहुंचने के लिए कहा गया है।

इस आदेश में शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों को कहा गया है कि वह शिक्षकों की उपस्थिति को निर्धारित करें। उधर, इस मामले में भाजपा के प्रवीण शंकर कपूर ने इस आदेश की निंदा की है। उन्होंने कहा कि अपने शपथ ग्रहण समारोह में भीड़ एकत्र करने के लिए 30,000 सरकारी शिक्षकों आदि पर दबाव डाला जा रहा है।

# फिर वही कहानी पर बदले चरित्र




### लव आजकल

**रेटिंग-** ★★½

**निर्देशक-** इम्तियाज अली

**कलाकार-** कार्तिक आर्यन, सारा अली खान, आरुषि शर्मा, रणदीप हुडा।

दूसरे लोगों की तरह फिल्मकार और निर्देशक भी आत्मसम्मोहन के शिकार होते हैं और अपने ही किए पर फिदा होते रहते हैं। बीता वक्त उनके ऊपर हावी रहता है। शायद इम्तियाज अली के साथ भी यही बात है। 2009 में उन्होंने सैफ अली खान और दीपिका पादुकोण के साथ 'लव आजकल' बनाई थी जो सफल हुई थी। ग्यारह साल तक वे अपनी ही बनाई इस फिल्म से इतने मुग्ध रहे कि इसे फिर से बना डाली। उसी नाम से। यानी 'लव आजकल'। और कहानी भी वही है। बस स्थान और किरदार बदल गए हैं। इस बार नया यह भी है कि सैफ अली खान की बेटी हीरोइन बन के आ गई हैं। यानी सारा अली खान। और सैफ की जगह कार्तिक आर्यन आ गए हैं। हां, डायलाग भी बदल गए हैं। इसलिए कि 2009 के बाद जमाना बदल गया है। युवा लड़के और लड़किया खुल कर और उन शब्दों का इस्तेमाल करने लगे हैं जिनको आम तौर पर गाली कहा जाता हैं। यौन व्यवहार में भी अधिक उन्मुक्तता आ गई है। वह सब भी इस फिल्म में है। पर कुलमिलाकर फिल्म में नया पन कम है।

पुराने 'लव आजकल' की तरह नए 'लव आजकल' में भी दो वक्तों की कहानी है। एक वक्त है रघु (कार्तिक आर्यन) और लीना (आरुषि शर्मा) का जो 1990 के करीब का है। और दूसरा वक्त है आज का यानी 2020 का जिसमें वीर (कार्तिक आर्यन) और जोए चौहान



(सारा अली खान) में हैं। उदयपुर में रहनेवाला 1990 का प्रेमी वीर इतना लल्लू और झेंपू है कि अपनी प्रेमिका के साथ छत पर पकड़े जाने पर लोगों से बचने के लिए भाग भी नहीं पाता। और लीना भी सकुचाई सी रहनेवाली लड़की है। मानो, जबर्दस्ती प्रेम की गली में धकेल दी गई है। तीस बरस के बाद की कहानी में वीर कुछ कुछ, पर पूरी तरह से नहीं, लल्लू जैसा ही है, पर लड़की यानी जोए एकदम बोल्ड है। ब्यूटीफुल भी। किससे और कब प्रेम किया जाए इसे लेकर उसके फंडे साफ है। वह बाईस साल की है और अभी करिअॅर पर ध्यान देना चाहती है और पांच साल के बाद किसी लड़के के साथ सेटल होना चाहती है। इसलिए जब तक करिअॅर सेटल न हो जाए बॉयफ्रेंड रखने में परहेज नहीं है। लेकिन लव ऐसी चीज है जो हो जाता है और इसी के कारण वो वीर से फ्लर्ट करते करते प्रेम भी करने लगती है। पर फिर करिअॅर का विचार आता है ओर वह उसे छोड़कर चली भी जाती है। क्या वह फिर उससे मिलेगी और दोनों एक दूजे के होंगे? फिल्म में रणदीप हुडा की एक अच्छी भूमिका है। लव गुरु राज के रूप में। असल में तीस साल पहले का वीर ही अब राज बन चुका है। वह एक कैफे चलाता है जहां युवा लोग मिलते हैं और वो उनको कब किससे प्रेम किया जाए इसके बारे में बिना मांगे सलाह दिया करता है। वो अपनी कहानी भी जोए को सुनाता है।

सारा ने वो भूमिका निभाई है जिससे जवान लड़के और लड़कियां अपने दौर को महसूस करेंगे, लेकिन कार्तिक आर्यन फीके लगे हैं। दोनों ही भूमिकाओं में। यानी दौर में वे झेंपू लगे हैं। इम्तियाज अली ने उनके कॉस्ट्यूम पर भी ज्यादा ध्यान नहीं दिया है। इम्तियाज अली ने 1990 के 1960 समझ लिया है जिसके कारण उस वक्त का समय प्रामाणिक यहां नहीं दिखता है।

### शहरी विकास मंत्रालय के एलएंडडी कार्यालय की कार्रवाई

# पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिटिक्स से कब्जा हटाया

**निर्भय कुमार पांडेय**
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

- एलएंडडी कार्यालय ने 12 फरवरी को दिए थे सेंटर खाली करने के आदेश
- आइटीओ स्थित नरेंद्र निकेतन में चल रहा था पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर सेंटर

आइटीओ स्थित नरेंद्र निकेतन में चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिटिक्स (सीएपी) में शुक्रवार को शहरी विकास मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) ने कब्जा ले लिया है। बताया जा रहा है कि 12 फरवरी को सेंटर से जुड़े पदाधिकारियों को पत्र लिखकर एलएंडडीओ की ओर से परिसर को खाली करने का आदेश दिया था। एलएंडडीओ की ओर से जारी आदेश में कहा गया था कि शुक्रवार सुबह 11 बजे अधिकारी मौके पर पहुंचकर कब्जा लेंगे। आदेश के अनुसार तय समय पर पहुंचे अधिकारियों ने कब्जा ले लिया। इस भवन में चंद्रशेखर के सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिक्टिस के अलावा नरेंद्र निकेतन केंद्र और समाजवादी जनता पार्टी का केंद्रीय कार्यालय भी संचालित किया जा रहा था। साल 1978 में इस भवन की स्थापना की गई थी।

सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिक्टिस संस्था के महासचिव एचएन शर्मा का कहना है कि कुछ लोगों ने इस कार्यालय में अवैध रूप से कब्जा जमाया हुआ था और उनके साथ दिल्ली के कुछ बड़े बिल्डर भी मिले हुए थे। आखिरकार शुक्रवार को कब्जा को हटा लिया गया है। भविष्य में यदि केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के भूमि एवं विकास कार्यालय उनकी संस्था को भूमि आबंटित करता है तो वह सभी कानूनी प्रक्रिया का पालन करेंगे और इस जमीन पर सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिटिक्स का कार्यालय खोलेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग फर्जी दस्तावेज के आधार पर इस भूमि पर कब्जा जमाना चाह रहे थे। साथ ही कुछ लोगों ने कब्जा जमा भी रखा था। इसकी शिकायत उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से की थी। साथ ही कई लोगों ने फर्जी दस्तावेज जमाकर अदालत को भी गुमराह करने की कोशिश की थी। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने जिस समाजवादी जनता पार्टी की स्थापना की थी। उसके महासचिव श्याम जी त्रिपाठी का कहना है कि यहां पर लंबे समय से कार्यालय चल रहा था। साथ ही सेंटर फॉर अप्लाइड पॉलिटिक्स के कार्यालय के साथ ही यंग इंडिया पत्रिका का भी प्रकाशन यहीं से होता था।

**असर** | आगजनी से अभी तक नहीं उबरा एम्स

# दो घंटे का रास्ता तय कर हरियाणा जा रहे खून के नमूने

**प्रतिभा शुक्ल**
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पिछले साल हुई आगजनी का व्यापक असर पड़ा है। मरीजों की जांच के लिए खून के नमूने एम्स से हरियाणा के झज्जर स्थित नेशनल कैंसर सेंटर भेजा जा रहा है। दो घंटे का सफर कर 60 से 77 किलोमीटर दूर स्थित इस सेंटर पर नमूने भेजे जाने से इसके खराब होने का खतरा रहता है। हालांकि कई पालियों में खून के नमूने भेजने के बावजूद इनमें गड़बड़ी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिससे मरीजों के इलाज पर भी फर्क पड़ सकता है। रोजाना करीब छह से सात सौ नमूने इसके सीएन सेंटर पर लिए जाते थे जो अब यहां से बाहर भेजा जा रहा है।

एम्स के हृदय वक्ष व तंत्रिका विज्ञान केंद्र (सीएन सेंटर) में पिछले दिनों लगी आग के कारण यहां खून के जांच वाली प्रयोगशाला जल कर खाक हो चुकी है। जिससे हृदय व न्यूरो विभाग के भर्ती व ओपीडी मरीजों के खून में लिपिड प्रोफाइल (कोलेस्ट्राल , एचडीएल, एलडीएल, ट्राईग्लिसराइड वगैरह ) की जांच के लिए जा रहे नमूनों की यहां पर जांच नहीं हो पा रही है। पहले कुछ दिन मरीज जांच के लिए इधर-उधर भटकते रहे क्योंकि जांच प्रयोगशाला की जगह आवाजाही बंद थी। तो मरीजों ने तमाम जांच मजबूरन बाहर से कराए। बाद में वैकल्पिक इंतजाम के तहत जांच के लिए नमूने तो यहां निकाले जाने लगे। लेकिन प्रयोगशाला व मशीनें जल चुकी होने की वजह से जांच यहां संभव नहीं हो पा रही।

**मुश्किल है नमूनों की सही जांच**

सैद्धांतिक रूप से तो यह कोशिश हो रही है कि नमूने खराब होने से पहले जांच प्रक्रिया शुरू हो जाए लेकिन व्यवहारिक तौर पर यह संभव नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह है कि एक रास्ते से झज्झर की एम्स से दूरी करीब 63 से 68 किलोमीटर व एक अन्य रास्ते से करीब 77 किलोमीटर है। इसमें दो से तीन घंटे पहुंचने में लगते हैं। फिर नमूना वहां पहुंचने पर तुरंत मशीन पर लग जाए यह भी जरूरी नहीं। कई बार दूसरी या तीसरी बार में भेजा जाने वाला नमूना इतनी देर से पहुंचता है कि उस दिन उसे जांच के लिए मशीन पर नहीं लगा पाते हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि जांच में लगे कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी ऑफ करने के लिए एम्स के मुख्य परिसर आना पड़ता है। इसलिए उनको अपनी पांच बजे खत्म होने वाली ड्यूटी के लिए झज्जर से करीब डेढ़ से दो घंटे पहले निकलना पड़ता है। इसलिए भी वे नमूने को मशीन पर नहीं लगाते क्योंकि फिर उसकी जांच पूरी होने तक रुकना पड़ेगा।

**नतीजे गलत आने की आशंका**

पैथलैब के जानकारों के मुताबिक, उस दिन नमूने की जांच न होने पर उसके खराब होने या नतीजे गलत आने की आशंका रहती है। इससे मरीज के इलाज पर भी फर्क आ सकता है। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की क्लीनिकल आब्जर्वेशन व जांच रिपोर्ट दोनों को मिलाकर ही इलाज की राय बनाई जाती है लेकिन कुछ मरीजों में बीमारी के लक्षण देखकर पहचान में नहीं आ पाते , उनमें पैथलैब के नमूने अहम होते हैं। यह हाल तब है जबकि इन जांच के लिए सीएन सेंटर में शुल्क जमा होता है। जबकि मुख्य इमारत में आने वाले मरीजों के लिए यह जांच मुफ्त में होती है।

www.readwhere.com

जनसत्ता



# महंगाई की मार

खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के अब जो आंकड़े आए हैं, वे किसी बुरी खबर से कम नहीं है। जनवरी में भी महंगाई रिकार्डतोड़ स्तर पर बनी रही। रोजमर्रा के उपयोग वाली चीजों और खाने-पीने के सामान के दाम जिस तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, उससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। हाल में बिना सबसिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर के दाम डेढ़ सौ रुपए बढ़ा दिए गए। पिछले छह साल में एलपीजी के दाम में यह सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। करोड़ों परिवार हैं जो बिना सबसिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर उपयोग करते हैं। उनके लिए यह कोई मामूली बोझ नहीं है। इससे पहले कई महीने तक प्याज ने लोगों के आंसू निकाले थे। ऐसे में लोगों के पास कमरतोड़ महंगाई को झेलने के अलावा कोई चारा भी नहीं है। लोग सस्ते और अच्छे दिन की उम्मीद में वक्त गुजारने को मजबूर हैं। हालांकि इस बात के संकेत आ रहे हैं कि आने वाले दिनों में महंगाई से थोड़ी राहत मिल सकती है, पर उतनी नहीं जितनी लोग उम्मीद कर रहे हैं। हाल में रिजर्व बैंक ने भी नीतिगत दरों में कटौती इसीलिए नहीं की थी कि कहीं महंगाई का ग्राफ और न चढ़ जाए। जाहिर है, रिजर्व बैंक को निकट भविष्य में महंगाई कम होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। बढ़ती महंगाई बता रही है कि उस पर काबू पाने में सरकार लाचार ही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के आंकड़े बता रहे हैं कि जनवरी में दालों, सब्जियों और मांस-मछली जैसे खाद्य पदार्थों के दाम चढ़ने से खुदरा महंगाई बढ़ी है। जनवरी में महंगाई दर 7.59 फीसद थी, जबकि पिछले साल दिसंबर में यह 7.35 फीसद दर्ज की गई थी, और दिसंबर 2018 में यह आंकड़ा मात्र 1.97 फीसद था। इससे यह साफ है कि बारह महीनों में 5.38 फीसद महंगाई बढ़ी है, जो साढ़े पांच साल साल में सबसे ज्यादा है। पर यह सिलसिला थम नहीं रहा और खुदरा महंगाई का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी थोक महंगाई के आंकड़े भी नींद उड़ाने वाले हैं। थोक मुद्रास्फीति जनवरी में 3.1 फीसद, जबकि दिसंबर में यह 2.59 फीसद रही थी और इसका सबसे कारण प्याज और आलू के दाम बढ़ना रहा। महंगाई चाहे थोक हो या खुदरा, पैसा तो उपभोक्ताओं की जेब से ही निकलता है। यही चिंता का विषय है।

मामला सिर्फ महंगाई तक ही सीमित नहीं है। एनएसओ ने औद्योगिक उत्पादन के जो आंकड़े बताए हैं, वे और चिंताजनक हैं। पिछले साल दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन में 0.3 फीसद की गिरावट दर्ज की गई। जबकि संसद में बजट प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री ने अर्थव्यवस्था में सुधार के दावे करते हुए कहा कि अब सब ठीक हो रहा है और औद्योगिक उत्पादन ने भी रफ्तार पकड़ी है। एनएसओ के आंकड़े सरकार के दावों की हकीकत को उजागर करने के लिए काफी हैं। सरकार बार-बार दावा कर रही है कि अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और यह गिरावट थोड़े वक्त की है। सवाल यह है कि महंगाई पर सरकार काबू पाने के लिए उपाय क्या कर रही है? देश में इतनी ज्यादा महंगाई तब है जब पिछले सात महीनों से कच्चे तेल के दाम नहीं बढ़े हैं और पेट्रोल-डीजल के दाम एक तरह से स्थिर बने हुए हैं। लोग महंगाई से इसलिए भी त्रस्त हैं कि आबादी के बड़े तबके के पास जरूरी खर्च तक के पैसे नहीं हैं। पिछले एक साल में जिस तरह से लोगों की नौकरियां गई हैं, उसने संकट को और बढ़ा दिया है। ऐसे में लोगों के पास पैसा ही नहीं होगा तो महंगाई से कैसे पार पाएंगे।

# हिंसा का समाज

इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि जिस समाज को आगे का सफर तय करते हुए सभ्यता के रास्ते पर बढ़ कर ज्यादा से ज्यादा मानवीय होना चाहिए था, वहां उसमें ऐसी प्रवृत्तियों ने जड़ें जमाई हुई हैं, जिसने इंसान के भीतर से न्यूनतम संवेदना और समझ छीन ली है। अगर महज तीस हजार रुपए कर्ज के लेन-देन में देरी की वजह से किसी परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी जाती है तो यहीं ठहर कर सोचने की जरूरत है कि हमारा समाज कहां से चल कर कहां तक पहुंचा है और शासन से लेकर समुदाय किन स्तरों पर नाकाम है। गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में एक व्यक्ति ने अपने ही एक संबंधी, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चों की हत्या कर दी। इस सामूहिक हत्याकांड की वजह यह थी कि हत्या के आरोपी ने अपने उस संबंधी से तीस हजार रुपए उधार लिए थे और उसे चुका नहीं पाया था। इसी क्रम में हुए झगड़े के बाद उसने एक-एक करके पांचों को मार डाला। यों पुलिस ने मामले जांच-पड़ताल के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन सवाल है कि कैसे एक व्यक्ति के भीतर पुलिस या कानून का खौफ नहीं रह गया और उसने बारी-बारी से पांच लोगों की हत्या कर डाली। वहीं यह भी सोचने की जरूरत है कि वे कौन-से हालात हैं जिसमें पैसे की वजह से हुए किसी सामान्य झगड़े के बाद एक व्यक्ति इस तरह की क्रूर और बेलगाम मनःस्थिति में पहुंच जाता है।

हालांकि इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं, जिनमें मामूली बातों पर हुई कहा-सुनी या फिर बहुत कम रकम की लेन-देन के मसले पर हुई लड़ाई की वजह से किसी ने एक या इससे ज्यादा लोगों की हत्या कर दी। निश्चित रूप से इसे भी कानून-व्यवस्था की नाकामी के तौर पर ही देखा जाना चाहिए कि एक व्यक्ति अपनी हत्यारी मंशा को अंजाम देने में कामयाब हो जाता है। लेकिन यह कैसी सामाजिक परिस्थितियां हैं, जिनमें लोगों के भीतर धैर्य और संवेदना की जगह नहीं बची है। भजनपुरा की घटना का एक पहलू यह है कि इस हत्याकांड का पता तब चला जब पीड़ितों के घर के आसपास रहने वाले लोगों ने उस घर से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पता चला कि ये हत्याएं तीन दिन पहले की गई थीं और बाहर से बंद घर में शव सड़ने लगे थे। सवाल है कि मृतक परिवार के घर के आसपास रहने वाले लोगों का ध्यान पहले इस ओर क्यों नहीं गया, जबकि वे वहां रोजाना ही किसी न किसी वजह से उन्हें देखते होंगे या बात करते होंगे! क्या पड़ोसी के रूप में लोग एक दूसरे से इस कदर कटते जा रहे हैं कि हमेशा चहल-पहल वाले घरों के कई दिनों तक बंद रहने और उसमें रहने वाले बच्चों या बड़े लोगों के दिखाई नहीं देने पर भी कोई फर्क नहीं पड़ता?

इसके अलावा, ऐसी प्रवृत्तियां किस समाज में हावी हो सकती हैं जो व्यक्ति को मामूली समस्याओं का हल हिंसा में ढूंढ़ने के लिए प्रेरित करें! इसमें कोई शक नहीं कि समाज की सामूहिक चेतना ऐसी नहीं होती है कि वह किसी व्यक्ति की हिंसा को औपचारिक रूप से स्वीकार करे, लेकिन यह सोचने की जरूरत है कि कोई व्यक्ति किन हालात में अपराध के रास्ते अपने सवालों का हल खोजने की कोशिश करता है। जाहिर है, इस तरह के मामले जितने कानून-व्यवस्था की प्रत्यक्ष-परोक्ष नाकामी से जुड़े हैं, उतने ही ये सामाजिक विकास नीतियों के न होने या फिर उसकी विफलता को भी दर्शाते हैं।

## कल्पमेधा

**नसीहत बर्फ की तरह है. जितना धीरे-धीरे गिरती है, उतनी ही ज्यादा स्थायी होती है और गहराई से मन में प्रवेश करती है।**

**- कॉलरिज**

# अपने-अपने गांधी

जगमोहन सिंह राजपूत

**हाथ से कार्य कर कौशल सीखने की सार्वभौमिक आवश्यकता गांधी की शिक्षा संकल्पना का मूल आधार थी। कितनी देर लगी इसे पहचानने में! पांच वर्ष पहले देश में पहली बार कौशल विकास मंत्रालय बना। यदि कृषि के महत्त्व को स्वीकार किया गया होता, कौशल विकास को अपनाया गया होता, ग्राम समाज की मूलभूत आवश्यकताओं को पहचाना गया होता, तो आज देश में बेरोजगारी बढ़ नहीं रही होती, गांव खाली नहीं हो रहे होते और शहरों में झुग्गियां लगातार बढ़ नहीं रही होतीं।**

उत्तर प्रदेश के अपने गांव में लगभग पांच वर्ष की आयु में मैंने जो अप्रत्याशित गतिविधियां देखी थीं, उनका कुछ स्मरण आज भी है। सभी दुखी और परेशान दिखाई देते थे। दूर से उनकी बातों में मुझे तब दो-तीन शब्द बार-बार सुनाई दे ही जाते थेः गांधी, महात्मा, गोली, हत्या! यह सब तो बाद में समझ में आया कि गांधी जी की हत्या ने हर घर और व्यक्ति को दहला दिया था। देश का बंटवारा हिंदू-मुसलमान के ही कारण हुआ था, दोनों संप्रदायों नें अप्रत्याशित दुख झेले थे, मगर गांधी के अवसान का दुख सारा देश साथ-साथ ही झेल रहा था। ग्यारह वर्ष की आयु में स्कूल में एक नाटक में मुझे गांधी की पोषक पहनाकर चार-पांच पंक्तियों का भाषण याद कराया गया। मुझे सिखाया गया था कि 'स' के स्थान पर 'श' ही बोलना है! अपेक्षित ही था कि मेरे सहपाठी इसके बाद मुझे बार-बार गांधी जी की याद दिलाते रहे। मेरे जैसों का समवयस्क ऐसा कौन भारतवासी होगा जो गांधी को कभी भुला पाया हो!

आज से पांच-छह दशक पहले मैं इस प्रश्न का उत्तर ढूंढ़ता था कि गांधी की वाणी, खादी और चरखा गांव-गांव तक उस समय कैसे पहुंचे, जब संचार, साक्षरता, प्रसारण, टीवी सभी सीमित थे। उस व्यक्तिगत खोज का निष्कर्ष यही था कि इसमें सबसे बड़ी भागीदारी स्कूलों के अध्यापकों की थी। वर्ष 2003-04 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने ऐसे बाईस अध्यापकों से व्यक्तिगत साक्षात्कार के बाद एक पुस्तक तैयार की- कैसे गांधी ने उनके जीवन को बदल दिया! उन्हें भी बदला जो कभी उनसे मिले नहीं थे, देखा नहीं था। गांधी हर घर परिवार में प्रविष्ट हो गए थे और 'अपने' बन गए थे। स्वतंत्रता के बाद भी उनके कितने अनुयायी त्याग और तपस्या के अद्भुत उदाहरण बने। उन्होंने सत्ता में रह कर जनसेवा के नए मापदंड स्थापित किए। लोगों नें डा. राजेंद्र प्रसाद जैसे लोगों को देखा था, जो बारह वर्ष राष्ट्रपति पद पर रहने के बाद पटना में कांग्रेस कार्यालय में एक सीलन भरे कमरे में रहे, जिनके बैंक खाते में कुछ सौ रुपए ही थे। देश का दुर्भाग्य था कि ऐसे लोग अपवाद बन गए।

समय के साथ गांधी के सहयोगियों की पीढ़ी भी ओझल होती गई। सामने वे आए जो अपने को उनका अनुयायी घोषित करते रहे, लोगों ने उन पर विश्वास किया, उन्हें सर आंखों पर लिया, बड़ी-बड़ी अपेक्षाएं कीं। अधिकांश ने बापू की ओर से मुंह मोड़ लिया। सत्ता के अपने प्रभाव होते हैं, लोगों ने देखा कि गांधी की मूर्तियां बन रही हैं, जन्मदिन मनाया जाता है, चित्र लगाए जाते हैं, मगर बहुत कुछ खोता भी जा रहा था। असमानता लगातार बढ़ती ही रही है। दस फीसद अमीर भारतीयों का देश की सतहत्तर फीसद से ज्यादा संपत्ति पर अधिकार है। साठ फीसद गरीब के पास केवल साढ़े चार फीसद संपत्ति है। यह स्थिति भी बहुतों को गांधी की याद दिलाती है। देश के युवाओं से जब मेरे जैसे लोग गांधी के मूल्यों और आदशी पर चर्चा करते हैं, तब वे अनेक ऐसे तर्क आंकड़ों सहित प्रस्तुत करते हैं, जो अकाट्य होते हैं। वे पूछते हैं- किसने गांधी को याद रखा है? कहां हैं वे लोग जो कह सकें कि मेरा जीवन ही मेरा संदेश है!



आज के युवाओं को बढ़ती असमानता, संवेदनहीनता और अधिकाधिक भौतिक संग्रहण का प्रवाह रुकने की कोई संभावनाएं दृष्टिगोचर नहीं हो रही हैं। उनकी सोच का आधार कमजोर नहीं होता है। गांधी जी ने जब यह कहा था कि प्रकृति में सभी की आवश्यकता पूर्ति के संसाधन हैं मगर किसी के भी लालच की पूर्ति के लिए नहीं हैं, तब वे प्राचीन भारत की संस्कृति की उन अवधारणाओं को ही दोहरा रहे थे, जो मनुष्य और प्रकृति के संबंधों की संवेदनशील और पारस्परिकता को बनाए रखने का उत्तरदायित्व मनुष्य के ऊपर डालती हैं। गूढ़तम ज्ञान को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचा देने की परंपरा इस देश ने हजारों साल पहले ही विकसित कर ली थी। गोष्ठी, परिषद्, शास्त्रार्थ से चल कर ज्ञान प्रवाह परिव्राजक साधु-संत, कथावाचक द्वारा हर घर-हर गांव तक पहुंचता था। इसका एक उदाहरण गांधी ने अपने उस पत्र में दिया था, जो उन्होंने यूनेस्को के तत्कालीन डायरेक्टर जनरल को 1947 में लिखा था। उसका सार यह था कि 'यदि प्रत्येक व्यक्ति अपन कर्तव्य करे, तो किसी के अधिकारों का हनन नहीं होगा।' इतना सशक्त वाक्य कहीं अन्य नहीं मिलेगा। इस पत्र में गांधी ने यह बताया था कि उन्हें यह सीख 'मेरी अनपढ़ किंतु समझदार मां' ने दी थी।

गांधी जब गोपाल कृष्ण गोखले से मिले और भारत में कार्य करने की इच्छा व्यक्त की, तो गोखले ने उन्हें कहा कि अभी वे इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। उन्हें भारत भ्रमण करना होगा, उसकी विविधता और एकता को समझ कर आत्मसात करना होगा। मोहनदास करमचंद गांधी ने इसे अक्षरशः स्वीकार किया। भारत की जो समझ गांधी ने इसके बाद प्राप्त की, वह अद्भुत थी। उन्होंने शिक्षा की सार्वभौमिक महत्ता को समझा। भारत के लिए उसका एक प्रारूप तैयार किया, उसकी उपयोगिता को लागू कर के दिखाया। ऐसा कोई विकल्प आज तक मेरे सम्मुख नहीं आया है, जिसमें अवसरों की समानता और सफलता की समानता की इतनी अधिक संभावना उभरी हो। गांधी के शैक्षिक चिंतन में भी पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति ही केंद्र बिंदु था। शिक्षा में ही उन्हें उसके जीवन को सम्माननीय स्तर तक लाने की संभावनाएं दिखाई दी थीं। हाथ से कार्य कर कौशल सीखने की सार्वभौमिक आवश्यकता गांधी की शिक्षा संकल्पना का मूल आधार थी। कितनी देर लगी इसे पहचानने में! पांच वर्ष पहले देश में पहली बार कौशल विकास मंत्रालय बना। यदि कृषि के महत्त्व को स्वीकार किया गया होता, कौशल विकास को अपनाया गया होता, ग्राम समाज की मूलभूत आवश्यकताओं को पहचाना गया होता, तो आज देश में बेरोजगारी बढ़ नहीं रही होती, गांव खाली नहीं हो रहे होते और शहरों में झुग्गियां लगातार बढ़ नहीं रही होतीं।

गांधी को समझने के प्रयास में बहुत कुछ नया तो हर बार मिलता ही है, एक तत्व बार-बार उभरता है कि किसी भी देश की विकास और प्रगति की अवधारणा उस देश की संस्कृति और ज्ञानार्जन की परंपरा को आधार मान कर ही विकसित की जा सकती है। गांधी इसके महत्त्व को स्थानीयता, क्षेत्रीयता और राष्ट्रीयता के स्तर पर क्रमिक रूप से उभारने के पक्ष में थे। किसी भी देश के स्वतंत्रता संग्राम में शिक्षा को इतना अधिक महत्त्व नहीं दिया गया था, जितना गांधी के कारण भारत में दिया गया था। शिक्षा व्यक्ति को व्यक्तित्व में परिवर्तित कर देती है, सही शिक्षा व्यक्ति के सामने वृहत आकाश खोल देती है, जिसमें वह अपनी सृजनात्मकता का सदुपयोग करे, ज्ञानार्जन करे, और विवेक के साथ उसका उपयोग करे।

आज के भारत को गांधी को एक संवेदनशील महामानव के रूप में समझाना होगा, जिसने मनुष्य और मानवता के लिए अपना जीवन लगाया, जिसने माना कि विभिन्न धर्म एक वास्तविकता हैं और उनमें बराबरी के आधार पर सामंजस्य आवश्यक है, क्योंकि 'एक धर्म को छोड़ कर दूसरे धर्म को अंगीकार करने और प्रतिस्पर्धी का खंडन करने से ही परस्पर घृणा की भावना ही पैदा होती है।' आज की सबसे बड़ी आवश्यकता सामजिक एकता और पंथिक सद्भाव की है। उनके ही शब्दों में-'सांप्रदायिक समस्या के समाधान की कुंजी यह है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म की सर्वोत्कृष्ट बातों को माने और अन्य धर्मों तथा उनके मानने वालों को उतना ही सम्मान दे।' गांधी हर भारतवासी को अपने जीवन का एक अंश दे गए हैं। यह हमारे हृदय में बसता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम उसे कितना प्रस्फुटित कर पाते हैं!

# भरोसे का प्रेम

सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

## दुनिया मेरे आगे

हालांकि प्रेम किसी खास दिन में सिमटा हुआ नहीं है, लेकिन समाज अपनी सुविधा के मुताबिक पैमाने गढ़ लेता है। इस लिहाज से देखें तो अपने आधुनिक स्वरूप में प्रेम-दिवस का प्रतीक बन चुका वेलेंटाइन दिवस गुजर गया, लेकिन प्रेम हर वक्त अपने मूल स्वरूप में बना रहेगा। इश्क, प्रेम, प्यार, मोहब्बत, आप चाहे इसे जिस नाम से पुकारें कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि शब्दों के पर्याय हो सकते हैं, लेकिन पीड़ा के नहीं। यह तो दो हृदय के बीच का वह अहसास है जो शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। गणित में एक और एक दो होते हैं, लेकिन प्रेम में एक और एक ग्यारह हो सकते हैं या दो हो सकते हैं या फिर शून्य हो सकता है। इसका गणित आज तक किसी के पल्ले नहीं पड़ा। जिसके पल्ले पड़ा या तो वे शाहजहां-मुमताज बन गए या फिर लैला-मजनूं। प्रेम में मिठास है तो कड़वाहट भी है। नजदीकी है तो दूरी भी है। चैन है तो बेचैनी भी है। हंसी है तो रोना भी है।

प्रेम में गजब शक्ति है। चुंबकीय नियम के अनुसार दक्षिणी और उत्तरी ध्रुव एक-दूसरे को आकर्षित करते हैं, जबकि समान ध्रुव इसके विपरीत विकर्षित करते हैं। इस नियम के अनुसार प्रेम में विजातीय लिंग का आकर्षण सहज है, लेकिन समलिंगीय प्रेम भी लिंग की प्रधानता से उठ कर दो हृदयों के मेल को महत्त्व देता है। प्रेम का रसायन शास्त्र आयु, लिंग, जाति, धर्म, भाषा, संस्कृति, सभ्यता, रीति-रिवाज, परंपरा किसी भी बाधा की परवाह नहीं करता।

किसी दूसरे के प्रेम को देख कर कभी-कभार हम उसे बचकाना हरकत कह देते हैं। लेकिन वही प्रेम जब हमें होता है तो एक वटवृक्ष की तरह हृदय में उगने लगता है। उसकी जड़ें हमारे शरीर में धंसते-धंसते हमें पूरी तरह से अपने बस में कर लेता है। तब हमें दिन-रात का अंतर पता नहीं चलता। भूख-प्यास, नींद-चैन सब गंवा देते हैं। जिसके लिए प्रेम मधुर बना, उसके लिए यह जीवन क्षणिक लगता है और जिसके लिए यह कठोर है उसे एक पल भी युग-सा प्रतीत होता है।

सवाल है कि क्या प्रेम को परिभाषित किया जा सकता है? क्या इसका कोई रूप, स्वभाव या आभास होता है? प्रेम हमेशा पाने का नाम नहीं होता। कभी-कभी जो सुख खोकर मिलता है, वह पाकर नहीं। रूमी ने प्रेम को एक खामोश फसाना, एक निशब्द अहसास बताया है। प्रेम बस एक अगाध स्नेह का नाम है, जिसके भी जीवन में प्रवेश करता है, उसे सुवासित कर देता है। प्रेम चाहे क्षणिक हो या शाश्वत, सच्चा ही रहता है। प्रेम सच्चा नहीं तो केवल दिखावा बन कर रह जाता है। मात्र लेन-देन का व्यापार बन जाता है, जिसमें सुविधाओं और साधनों का आदान-प्रदान होता है। वास्तव में प्रेम एक शाश्वत भाव है। जो कल भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। प्रकृति के कण-कण में प्रेम समाया है। प्रेम की ऊर्जा से ही प्रकृति निरंतर पल्लवित, पुष्पित और फलती-फूलती है। युगों से चली आ रही प्रेम कहानियां आज भी बदस्तूर जारी हैं। प्रेम की अनुभूति अपने आप में अनोखी, अद्भुत और चमत्कारी हैं। किसी से प्रेम करना संसार की सबसे सुखद अनुभूति है।

वास्तव में यह क्यों होता है? कैसे होता है? कब होता है? किससे होता है? इन प्रश्नों के सटीक उत्तर आज तक कोई नहीं दे पाया है। कभी दुनिया प्रेम करने वालों को सिर-आंखों पर बैठा लेती है तो कभी प्रेम में तलवारें खिंच जाती हैं, गोलियां चल जाती हैं और खून की नदियां बह जाती हैं। यों तो प्रेम के सबके अपने-अपने मायने हैं। प्रेम को लेकर सबकी अपनी सोच है। माना जाता है कि प्रेम का संबंध आत्मा से होता है। प्रेम में समर्पण, विश्वास और वचनबद्धता की दरकार होती है। लेकिन आज समय बदल रहा है। भूमंडलीकरण ने दुनिया को मुट्ठी में भर दिया है। इस बदलते युग में प्रेम भी बदल रहा है, युवक-युवतियों का साथ में घूमना, प्रेम का प्रदर्शन सरेआम करना अब 'फैशन' कहलाने लगा है। प्रेम में पहले बरसों इंतजार में गुजार दिए जाते थे, लेकिन अब कोई इंतजार में वक्त 'जाया' नहीं करता। अब प्रेम के स्वरूप, स्थायित्व और उसे अभिव्यक्त करने के माध्यमों में बदलाव आ रहा है। मोबाइल और इंटरनेट के जरिए गली-मोहल्ले और परिचितों में सिमटे प्रेम के अवसर आज के युवाओं के लिए विश्वव्यापी हो गए हैं।

आज युवाओं की सोच बदल गई है, सामाजिक मूल्यों में बदलाव आ रहा है। अब प्रेम में भी युवा बहुत 'व्यावहारिक' हो चला है। मौसमों के बदलने की तरह उसका टूटना और फिर मिलना होता है। वह मानता है कि बिना 'गर्ल फ्रेंड' के कॉलेज जीवन में मजा नहीं है, लेकिन शादी के लिए वह घर वालों से बैर लेने के 'मूड' में नहीं होता और उनकी मर्जी को प्राथमिकता देता है। भोगवादी संस्कृति में पल रहा युवा भावों की गहराई को समझ ही नहीं पाता। प्रेम के लिए इस तरह की सोच कितनी सही और कितनी गलत है, इसका फैसला भी खुद युवाओं को ही करना होगा।

## अपराध की सत्ता

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बहुत ही सराहनीय और महत्त्वपूर्ण है, जिसमें राजनीतिक पार्टियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के चयन के कारणों को अपलोड करें। देश की सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्देश है कि राजनीतिक पार्टियों को अड़तालीस घंटे के भीतर यह कार्य पूरा कर लेना है। साथ ही बहत्तर घंटे के भीतर इसका विवरण चुनाव आयोग को भी दिया जाए। फैसले से इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि माननीय न्यायालय देश मे बढ़ते अपराधीकरण के प्रति कितना चिंतित दिखाई दे रहा है। राजनीति से आपराधीकरण को रोकने के प्रयास पहले भी किए जाते रहे है, लेकिन 'ज्यों-ज्यों दवा की, रोग बढ़ता ही गया' वाली कहावत चरितार्थ होती रही है।

देश की अधिकतर राजनीतिक पार्टियां उम्मीदवार के चुनाव में जीतने के लक्ष्य को लेकर टिकट वितरित करती है, बेशक टिकटार्थी कितना भी बड़ा अपराधी क्यों न हो! उम्मीदवार पर कितने भी संगीन आरोप लगे हों , पार्टियों को इस बात से कोई भी लेना-देना नहीं रहता। ऊपर से तर्क यह दिया जाता है कि वह जनता द्वारा चुना गया जनता का जनप्रतिनिधि है, इसलिए वह दोषी या अपराधी नहीं है।

पिछले चार वर्षों के लोकसभा चुनावों की चर्चा की जाए तो जहां वर्ष 2014 में 21 फीसद दागी सांसद निर्वाचित हुए थे तो वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में 29 फीसद दागी सांसद निर्वाचित हुए। देश कहां जा रहा है? देश की अधिकतर राजनीतिक पार्टियों का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त कर सत्ता सुख भोगना रह गया है। जनता के हितों से उनका कोई भी लेना देना नहीं है। यह तो भविष्य में ही पता चलेगा कि सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला कितना लागू हो पाएगा।

● *सुरेश गोयल, हिसार, हरियाणा*

## जाति का दंश

भारतीय लोकतंत्र और इसके संविधान ने सबको बराबरी का हक दिया है, लेकिन आजादी के बाद लंबे अंतराल के बाद भी जातिगत भेदभाव बड़ी बीमारी बनी हुई है। जातिगत भेदभाव को भेदभाव करने वाले ही खत्म कर सकते हैं। वह तभी संभव है, जब वे मानसिकता बदल लें। सवाल उठता है कि जो भेदभाव जातियों की वजह से कायम है, वह बिना जाति खत्म हुए कैसे खत्म होगा? उच्च कही जाने वाली जाति के लोगों को समझना होगा और उन्हें मानवता के चश्मे को पहन कर ही जीना होगा। यह जाति आधारित भेदभाव पीढ़ियों से जहर घोल रहा है। दलितों को घोड़ी चढ़ने से रोकना,उन्हें नीचे बिठाना, श्मशान में भी भेदभाव जैसी घटना भारत की छवि पर बट्टा लगा रही हैं। मानव समाज पहले से ही कई धर्मों में बंटा हुआ है, ऊपर से जातियों में बांटना बेहद त्रासद है। देश में अमीरी और गरीबी की खाई बहुत बड़ी है फिर जातियों की खाई ने भारतीय लोकतंत्र को कमजोर किया है। ऐसे ही चलता रहा तो तो देश महापुरुषों के सपने का भारत नहीं बन पाएगा।

● *रनजीत मीणा, अवंतिका रोहिणी, दिल्ली*

## प्रेम का गणित

यह दुनिया बड़ी अजीब है। जो प्रेम के लिए मरते हैं, वे अमर हो जाते हैं और जो प्रेम के लिए जीना चाहते हैं, उन्हें मार दिया जाता है। जिन वेलेंटाइन के नाम पर पूरी युवा पीढ़ी प्रेम का जश्न मनाती है, वे इटली के एक ईसाई पादरी थे, जिन्हें अपने चर्च में प्रेमी युगलों की शादी करवाने के जुर्म में सम्राट ने मरवा दिया फरवरी के चौदहवें दिन। धीरे-धीरे वह दिन प्रेम का दिन बन कर दुनिया में छा गया। सुंदर बात है। लेकिन गुलाब के फूलों और छोटे-छोटे तोहफों में फंसा हुआ वेलेंटाइन वाला 'लव' प्रेम का आभास भर है। हिंसा और राजनीति से झुलसी हुई मनुष्यता को असली प्रेम की बहुत जरूरत है।

प्रेम जब यह आता है, हम इतने प्रेम से भर जाते हैं कि सोच भी नहीं सकते कि यह प्रेम कभी विदा भी हो सकता है। प्रेम का गहरा अनुभव करना हो तो प्रेम को संबंध न बनाएं। कोई आए या जाए, प्रेम की धारा आपके भीतर बहती रहे। पुरुष और स्त्री एक ही अस्तित्व के दो पहलू हैं। इसलिए लड़ाई झगड़े में समय नष्ट न करके एक दूसरे को समझने का प्रयत्न करें।

प्रेम का गणित बहुत अलग होता है। यहां दो और दो हमेशा चार नहीं होते, वे एक भी हो सकते हैं या कभी शून्य भी। प्रेम की खासियत यह है कि वह बड़ी जल्दी नफरत में बदल जाता है। प्रेम को सफल बनाने के लिए नफरत से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। आजकल के आशिक जिस प्रेम के दौर में जी रहे हैं, वे प्रेम की परिभाषा को सत्यार्थ नहीं करता है। ऐसे में प्रेमियों को प्रेम समझने की जरूरत है।

● *अभिनंदन भाई पटेल, लखनऊ*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

## बदहाली का अर्थ

पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने अर्थव्यवस्था की दुर्दशा के पीछे केंद्र सरकार की तीन बड़ी गलतियों को जिम्मेदार माना है, जो सही भी प्रतीत होता है। इसमें नोटबंदी के रूप में ऐतिहासिक गलती और अनियोजित ढंग से जीएसटी का लागू करना और बैंकिंग क्षेत्र पर दबाव का बढ़ना, ये मोटे कारण रहे हैं, जिससे अर्थव्यवस्था को गहरा आघात पहुंचा है। इसलिए केंद्र सरकार को अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए अब नए सिरे से प्रयास करने चाहिए। लोगों के पास रोजगार और आय का जरिया नहीं होगा, उनकी क्रयशक्ति निम्न रहेगी, तब तक अर्थव्यवस्था में सुधार की ठोस उम्मीद कम ही होगी।

● *अली खान, जैसलमेर, राजस्थान*

## परहित धर्म

'संवाद का सन्नाटा' (दुनिया मेरे आगे, 11 फरवरी), कमल कुमार का आलेख काफी विचारोत्तेजक लगा। सच्ची खुशी और आनंद सुख-सुविधा के साधन जुटाने में नहीं, बल्कि दूसरों का हित करने में है। 'जो सब प्राणियों के हित में रत होते हैं, वे मुझे प्राप्त होते हैं'- भगवान कृष्ण का गीता में दिया गया यह संदेश आज के भौतिकवादी युग में अवसाद ग्रस्त लोगों के लिए प्रेरणादाई साबित हो सकता है। हम जितने सुख-सुविधा के साधन जुटाते गए, उतने ही अवसाद ग्रस्त होते गए। जब हम समस्त प्राणियों के हित में रत होते हैं, तो आनंद को भी प्राप्त कर सकते हैं।

● *नवीन थिरानी, नोहर*

## बेमानी मुद्दे

आजकल राजनीति का 'मुफ्त काल' शुरू हो गया है। सभी राजनीतिक दल मुफ्त का फामूर्ला चुनाव के लिए अपनाते हैं। धर्म और मुफ्त की योजनाएं चुनावी मुद्दा नहीं होना चाहिए।

● *निशा, बदरपुर बॉर्डर, नई दिल्ली*

www.readwhere.com

**पचड़ा फिजूल का**

राजस्थान में भाजपा सत्ता से बेदखली की पीड़ा झेल रही है तो सत्तारूढ़ कांग्रेस में भी अंदरूनी असंतोष कम नहीं। हर कोई मलाईदार ओहदे की चाहत पाले है। सवा साल तो अशोक गहलोत ने आश्वासनों के नाम पर बिता दिया। पर आगे भी तो उम्मीद नहीं दिखती। विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। कई वरिष्ठ विधायक मंत्री पद नहीं मिलने से मुंह फुलाए हैं। जबकि सरकार का समर्थन कर रहे एक दर्जन निर्दलीय विधायकों की इनाम की चाह गैरवाजिब नहीं। बसपा के कांग्रेस में शामिल हुए छह विधायकों के सब्र का बांध भी टूटने लगा है। उन्हें मंत्री या मंत्री जैसी हैसियत देने के वादे के साथ लाया गया था। हां, एक बात जरूर दिखने लगी है। पूर्व में मंत्री रह चुके कांग्रेस के कद्दावर विधायक अब आस छोड़ने लगे हैं। मान रहे हैं कि शायद यह पारी बिन बंगले-गाड़ी के ही निपटेगी। सत्ता के इस बार दो केंद्र हैं वैसे भी पार्टी में। एक मुख्यमंत्री का तो दूसरा उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का। पार्टी की सूबेदारी भी अभी तक पायलट के पास ही है। दोनों गुटों ने मलाईदार कुर्सियों पर संभावित नियुक्तियों की अपनी अलग-अलग सूची कब से बना रखी है। एक सूची प्रभारी महासचिव अविनाश पांडेय की बताई जा रही है। सचिन पायलट से पांडेय की ज्यादा नहीं पटती। गहलोत की परिक्रमा कर रहे दावेदारों पर पायलट समर्थक तंज कस रहे हैं कि पायलट की मर्जी के बिना किसी को कोई पद मिलने से रहा। हकीकत उलट है कि आलाकमान अभी इस पचड़े में पड़ना ही नहीं चाह रहा।

**बेबाक बोल**

आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने लोगों से अपील की थी कि राष्ट्र निर्माण के नाम पर मिस्ड कॉल देकर आम आदमी पार्टी से जुड़ें। उन्होंने आंकड़ा भी दिया कि नंबर जारी होने के चौबीस घंटे के अंदर ग्यारह लाख लोग पार्टी से जुड़ गए। जीत के पहले और बाद भी केजरीवाल शाहीन बाग से दूर रहे। चुनाव में धार्मिक ध्रुवीकरण हुआ मगर शाहीन बाग पर मुंह नहीं खोलने वाली आम आदमी पार्टी की तरफ। नागरिकता कानून और मुसलमानों पर खुल कर पक्ष रखने वाली कांग्रेस का लोप हो गया। राष्ट्रवाद और धर्म से इतर दिल्ली की जनता ने संदेश दिया है कि वह जनहितकारी योजनाओं को खोना नहीं चाहती है। यूपीए-दो की तरह ही राजग-दो ने निजी-निजी कर जनता के पांव के नीचे से सरकारी सुरक्षा की कालीन खींचनी शुरू कर दी। दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी की रियायती योजनाओं का मजाक उड़ाना महंगा पड़ा। दिल्ली में जनता के संदेश पर बेबाक बोल।

# क्या समझे आप

मुकेश भारद्वाज

'दिल के दुकनदार हैं दूसरे भी
हम थोड़ा अच्छे हैं वो हैं फरेबी...
आज बाजार ही बिक गया रे...
दिल मेरा मुफ्त का...'

हिंदी फिल्म 'एजेंट विनोद' के इस मुजरे की पंक्तियों को चुनावी संदेशों से जोड़ कर देखें तो 2014 के आम चुनावों में राष्ट्रवाद का जो बाजार तैयार हुआ था वह 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी हिट है। जीत यहां भी राष्ट्रवाद की ही हुई है पर इस बार डिब्बाबंदी अलग है। 2014 में जो भाजपा के रणनीतिकार थे उनकी कंपनी के साथ छवि प्रबंधन का करार अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने किया। भारत में चुनावी प्रबंधन वाली कंपनी का बाजार 2014 में भारी मुनाफे वाला साबित हुआ। राष्ट्रवाद और ध्रुवीकरण का प्रयोग महज संयोग नहीं था, भारत के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पर्यावरण के गहन विश्लेषण के साथ रचा गया था। इस प्रयोग का परिणाम था एक दल के पक्ष में प्रचंड बहुमत और विपक्ष पस्त।

पस्त विपक्ष ने इस ध्रुवीकरण की काट बिहार में खोजी और इसी भाषा में वहां विजय रथ रोका भी गया था। 'दिल के खुश रखने को गालिब ये ख्याल अच्छा है' वाले तर्ज पर राजग की हार में खुश होने वाले विश्लेषक कह रहे हैं कि राष्ट्रवाद और ध्रुवीकरण की काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती और दिल्ली में राष्ट्रवाद नहीं बिजली-पानी जैसे जनता के मूल मुद्दे की जीत हुई है। और यही तर्क उस चुनावी प्रबंधन कंपनी का सबसे बड़ा मुनाफा है जो पुरानी शराब को नई बोतल में बेच कर उसे सबसे बेहतर उत्पाद बताती है।

काम नहीं करने देते हैं जी वाले अरविंद केजरीवाल के लिए चुनावी प्रबंधन कंपनी की सबसे पहली सलाह यही थी कि केंद्र को खलनायक बनाकर आप नायक नहीं बन सकते हैं। आपकी भाषा होनी चाहिए कि हमने ऐसा-ऐसा कर डाला। भाजपा के खिलाफ भाजपा सा सुर, राष्ट्रवाद के सामने राष्ट्रवाद तो भक्तों के जय श्रीराम के बरअक्स राम भक्त हनुमान। सबसे अहम, जो केंद्र के उलट थी वह जनकल्याणकारी योजना। लोकसभा चुनावों में रियायती योजनाओं की खेप खत्म कर राजग द्वितीय निजी-निजी के माल को अपनी दुकान पर सजा चुका था।

दिल्ली के तीसरी बार मुख्यमंत्री बने केजरीवाल ने 'आय लव यू' बोलने के साथ कहा कि यह भारत माता की जीत है। और भगवान जी तो पहले ही 'शोले' के बीरू की तरह बसंती को बोल चुके थे कि भक्त तुमने अपना काम कर दिया है और अब प्रसन्न होकर जाओ। अरविंद केजरीवाल ने भगवान जी के साथ अपने इस संवाद को ट्वीट भी किया पर शायद किसी ने उनसे यह नहीं पूछा कि जब भगवान जी से आवाज आई तो आपने बसंती की तरह अचरज में ये तो नहीं पूछा-यूं कि ये कौन बोला। नहीं, उन्हें अचरज नहीं हुआ होगा। यह ऐसी चुनावी पटकथा थी जिसके संवाद एक कंपनी लिख रही थी। नायक को तो संवाद याद भर करना होता है। और, जीत के बाद वही भगवान, लाल चुनरी और दूसरी तरफ शाहीन बाग की प्रदर्शनकारी महिलाओं का मौन व्रत बता रहा था कि जीता वही जो शाहीन बाग से दूर था। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह मिस्ड कॉल से राष्ट्र निर्माण



की खातिर लोगों को पार्टी से जुड़ने की अपील कर रहे थे और यह आंकड़ा भी प्रस्तुत किया कि महज चौबीस घंटे के अंदर ग्यारह लाख लोग पार्टी से जुड़ गए। इसी तरह मिस्ड कॉल से कार्यकर्ता बनाने के दावे भारतीय जनता पार्टी भी करती रही है।

2014 की चुनावी कंपनी का प्रयोग था ध्रुवीकरण। और, इस बार भी ध्रुवीकरण हुआ लेकिन उस मुसलमान का जो कह रहे थे कि केंद्र के नागरिकता कानून ने उनके अस्तित्व पर सवाल उठा दिया है। भाजपा ने शाहीन बाग पर मुखर ध्रुवीकरण करने की कोशिश की लेकिन सफल हुई अरविंद केजरीवाल की चुप्पी। वो तीखा बोल रहे थे और ये मुंह नहीं खोल रहे थे। अपने अस्तित्व के मुद्दे पर नाराज और आहत जनता का केंद्र उस धुरी पर केंद्रित हो गया। तो क्या चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल ओखला विधानसभा के उन लोगों की उम्मीदों को पूरा करेंगे जिन्होंने 'आप' को एक लाख तीस हजार से ज्यादा वोट दिए। भाजपा के उम्मीदवार से इस जीत का अंतर 71, 827 वोटों का था। तो क्या अब वे उन लोगों का रास्ता खुलवाएंगे जिन्होंने इन्हें एकध्रुवीय वोट दिया। जीत के बाद 'आप' के रोड शो ने शाहीन बाग का रुख क्यों नहीं किया?

भाजपा ने अपनी दो नीतियों को मिश्रित किया था। पहला धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण का और दूसरा नवउदारवादी नीति को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने का। भाजपा सरकार ने खुद ही लोकसभा चुनाव में गैस सिलेंडर, शौचालय और मकान को एजंडा बनाया था। लेकिन दिल्ली में उन्हीं जनकल्याणकारी योनाओं के खिलाफ शाहीन बाग के जरिए माहौल बनाने की कोशिश की। धार्मिक ध्रुवीकरण में नवउदारवाद का मिश्रण इनकी केंद्रीय थीम थी। आर्थिक मोर्चे पर एअर इंडिया को देखें या भारतीय जीवन बीमा निगम, भाजपा ने नवउदारवाद का प्रचंड रूप धर लिया। दूसरी पारी आते ही भाजपा आर्थिक मोर्चे पर इतनी निर्ममता से कैसे आगे बढ़ने लगी और उसका हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर क्या असर है? इसके बरअक्स यूपीए-दो को याद करें। यूपीए-एक में कांग्रेस की सीटें कम थीं। वामपंथी और अन्य पार्टियों के दबाव में उसे जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देना पड़ा। मनरेगा से लेकर सूचना कानून तक। इन जनकल्याणकारी योजनाओं का अगले चुनाव में कांग्रेस को जबर्दस्त फायदा मिला। लेकिन बहुमत लेकर लौटते ही कांग्रेस ने जनवादी नीतियों से पल्ला झाड़ तेजी से नवदारवाद की राह पकड़ी। बड़े वैश्विक बाजार के पक्ष में जाते ही जनता का उससे मोहभंग हुआ और महंगाई व भ्रष्टाचार से त्रस्त होकर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल भी कर दिया।

पहली पारी में जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे राजग ने दूसरी पारी के लिए बंपर बहुमत बटोरा। लेकिन दूसरी बहुमत वाली पारी मिलते ही उसने भी यूपीए-दो की तरह आक्रामक रुख अपनाया और रियायती संस्थाओं व योजनाओं को समेटना शुरू किया। अनुच्छेद 370 व अयोध्या जैसे मजबूत राजनीतिक फैसलों की आड़ में कमजोर तबके के पांव के नीचे से सरकारी सुरक्षा की कालीन खींचने लगा। धार्मिक ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद के जरिए भाजपा को जनता के एक बड़े तबके को अपने साथ रखने में खासी मुश्किल नहीं हुई। ध्यान देने की बात है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुछ खोया तो नहीं, पाया जरूर है और यह उसके आगे बढ़ने का रास्ता तो तैयार करता है।

धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर भाजपा की जीत अन्य दलों के सूपड़ा साफ में भी दर्ज होती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भाजपा के अलावा कोई नहीं है। मुसलमानों के पक्ष में और नागरिकता संशोधन कानून की मुखालफत पर सीधा रुख तय करने वाली कांग्रेस गायब हो गई है। शाहीन बाग के नाम पर अगर ध्रुवीकरण को माना जाए तो कांग्रेस का खात्मा इस राजनीतिक लड़ाई को आगे किस राह पर ले जाएगी यह भी सोचने की बात है। कांग्रेस के खत्म होने का मतलब प्रशांत किशोर के उस प्रयोग का सफल होना है कि मुसलमान के खिलाफ या पक्ष में बोलने के बजाए चुप्पी साध लो। 2014 लोकसभा चुनाव में राजग ने उत्तर प्रदेश में एक भी मुसलिम चेहरे को टिकट नहीं दिया था। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने मुसलिम चेहरों को केंद्र में लाने से परहेज किया था।

दिल्ली का संदेश वही है जो 2014 में देश का संदेश था। रियायती योजनाओं की राजनीति को जनता बचाना चाहती है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं पर कड़ा हमला किया। रियायती सुविधाओं को मुफ्तखोरी बता बाजार का रास्ता अख्तियार किया। दिल्ली ने फिर संदेश दिया है कि धर्म और बाजार के बीच वैकल्पिक रास्ता हो सकता है। जिस रास्ते को आधार बनाकर भाजपा आई थी अब मजबूरी में उसे छोड़ना पड़ रहा है। मुफ्तखोरी और सब कुछ बेच देंगे वाली भाषा के खिलाफ जनकल्याणकारी योजनाओं को बचाने के लिए जनता का इकट्ठा होना ही आवाम का पैगाम है। यहीं से भविष्य की राजनीति भी दिखाई देती है। आम आदमी पार्टी यथावत, भाजपा आगे बढ़ी है और कांग्रेस कहीं भी नहीं खड़ी है।

# राजपाट

## मुंगेरी शरमाए

अनुप्रिया पटेल की अपनी मां कृष्णा पटेल और छोटी बहन से नहीं पटी तो पार्टी अपना दल दो फाड़ हो गई। अनुप्रिया पटेल और उनके पति आशीष पटेल एक पार्टी में तो मां कृष्णा पटेल दूसरी पार्टी में। पर दोनों ही धड़ों ने नाम अपनी-अपनी पार्टी का अपना दल ही रखा है। उत्तर प्रदेश तक सीमित है इस पार्टी का असर। सोनेलाल पटेल ने बहुजन समाज पार्टी छोड़ने के बाद बनाई थी अपनी यह अलग पार्टी। दावा तो पिछड़ों की पार्टी होने का है। पर है यह हकीकत में केवल कुर्मियों की पार्टी। यूपी और बिहार में ओबीसी की कुर्मी जाति की तादाद खासी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कुर्मी ठहरे। जब तक उत्तर प्रदेश भाजपा में कल्याण सिंह की तूती बोलती थी, कुर्मियों पर भाजपा की पकड़ थी। संतोष गंगवार, ओम प्रकाश सिंह और राम कुमार वर्मा जैसे तमाम कद्दावर नेता भाजपा में थे। पर सोनेलाल पटेल ने अपनी अलग पार्टी बनाई तो ज्यादातर कुर्मी उसी में चले गए। सोनेलाल की 2009 में दुर्घटना में मौत के बाद पार्टी की अध्यक्ष बेशक उनकी पत्नी कृष्णा पटेल बनीं लेकिन चेहरा बेटी अनुप्रिया ही रहीं। मिर्जापुर की रोहनिया सीट से 2012 में विधायक बनीं अनुप्रिया ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से गठबंधन किया। दो सीटें मिलीं और मिर्जापुर व प्रतापगढ़ दोनों ही सीटों पर पार्टी जीत गई। सबसे युवा अनुप्रिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी टीम में राज्यमंत्री भी बनाया। फिर 2017 के यूपी विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा से तालमेल कर अनुप्रिया की पार्टी नौ सीटें जीत गई। योगी आदित्यनाथ ने इस पार्टी के जयकुमार सिंह (जैकी) को राज्य मंत्री भी बना दिया। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में अनुप्रिया रूठने लगीं तो भाजपा ने फिर दो सीटें देने की उनकी शर्त मान ली। इस बार वे खुद तो मिर्जापुर से ही लड़ीं और जीतीं पर प्रतापगढ़ के बजाए दूसरी सीट हिस्से आई राबर्ट्स गंज। पकौड़ीलाल कोल जीत भी गए। पर भाजपा के अपने प्रचंड बहुमत ने अनुप्रिया के इस बार कैबिनेट मंत्री बनने के सपने को तोड़ दिया। पहले जैसी राज्यमंत्री की हैसियत का प्रस्ताव मिला जो उन्होंने ठुकरा दिया। फिर भरोसा मिला कि भरपाई के लिए उनके एमएलसी पति आशीष सिंह पटेल को योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री पद मिलेगा। यह भरोसा भी थोथा ही साबित हुआ। नतीजतन दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आते ही अपना दल के लोगों ने नखरे दिखाने शुरू कर दिए। पार्टी की सभी जिला इकाइयों ने प्रस्ताव पारित कर भाजपा राज में पिछड़ों की अनदेखी का रोना रोया और 2022 में अनुप्रिया पटेल को यूपी का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। भाजपाई इसे मुंगेरीलाल के हसीन सपने से ज्यादा कोई भाव नहीं दे रहे। है भी ठीक, नौ विधायकों और दो सांसदों वाली एक खास जाति की पार्टी की नेता भला मुख्यमंत्री किस फार्मूले से बनेंगी।

## दिखाया आईना

अपनी बेबाकी और साफगोई के लिए साध्वी उमा भारती की अलग पहचान रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उन्होंने जो ट्वीट किया, वह खूब चर्चित हुआ। उन्होंने लिखा- दिल्ली विधानसभा चुनाव का संदेश। चुनाव के परिणाम साफ बता रहे हैं कि भाजपा में, भारत में प्रधानमंत्री के समकक्ष कोई नेता नहीं। सियासी पंडितों ही नहीं अक्ल के अंधों तक ने इसका यही अर्थ निकाला कि भाजपा में हाशिए पर चल साध्वी ने उन पर तंज कसा है। पार्टी नेतृत्व ने तो हार के कारणों की उचित समय पर समीक्षा की बात कही थी पर उमा भारती ने अपनी तरफ से समीक्षा करने में देर नहीं लगाई। मीडिया में इसकी चर्चा हुई तो अगले दिन साध्वी ने फिर ट्वीट कर दिया- पूरे देश की जनता मोदी जी को तथा मोदी जी पूरे देश की जनता को आत्मसात कर चुके हैं। छत्रपति मोदी जिंदाबाद। इस ट्वीट के बाद तो सोशल मीडिया पर टिप्पणियों की बाढ़ आ गई। भाजपा से बगावत के बाद उमा ने अपनी अलग भारतीय जनशक्ति पार्टी बनाई थी। नितिन गडकरी ने अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें पार्टी में वापस तो लिया पर उनके अपने सूबे मध्य प्रदेश से निर्वासन की शर्त के साथ। पिछड़े तबके की इस कद्दावर नेता ने यूपी की चरखारी सीट से 2012 का विधानसभा चुनाव लड़ने से गुरेज नहीं किया। हालांकि भाजपा को चाहिए था कि उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर पेश करती। दो साल बाद हुए लोकसभा चुनाव में वे झांसी से जीत कर मोदी सरकार में मंत्री तो जरूर बनीं पर रहीं लगातार असहज। बीच में उन्हें इस्तीफा देने को कहा गया तो नहीं मानी। नतीजतन उनका पसंदीदा जल संसाधन विकास मंत्रालय बदल गया। तभी से वे पार्टी लाइन के विपरीत बोलती रहीं। अपने टिकट पर खतरा देख खुद ही कह दिया कि 2019 में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। पार्टी ने भी आग्रह नहीं किया। दिखावे को उन्हें संगठन में उपाध्यक्ष का पद जरूर दे दिया। यानी वे अब पार्टी में प्रभावहीन हैं। जाहिर है कई राज्यों में मिली हार के बावजूद प्रधानमंत्री को छत्रपति बता उन्होंने व्यक्तिनिष्ठ बन रही अपनी पार्टी को आइना दिखाया है। गौर कीजिए कि छत्रपति का विशेषण देश में केवल मराठा शासक शिवाजी के लिए ही प्रयोग होता है।

## टेढ़ी खीर

अगले साल होगा हरिद्वार में कुंभ का आयोजन। लेकिन तैयारी तो पहले से ही करनी पड़ती है। उत्तराखंड की त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार को इसका भान है। तभी तो मेला अधिकारी और मेले के पुलिस कप्तान की तैनाती सवा साल पहले ही कर ली। मेले की बाबत अब तक कई बैठकें खुद मुख्यमंत्री कर चुके हैं। मेले की योजनाओं के तहत हो रहे काम का मुआयना करने भी वे कई बार हरिद्वार आ चुके हैं। यह बात अलग है कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से जुड़े कुछ साधू सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं। दरअसल कुंभ मौलिक रूप से तो साधू-संन्यासियों का उत्सव ही माना जाता है। परिषद ने हरिद्वार में मुख्यमंत्री की पिछली बैठक के बहिष्कार का एलान किया था। इसे देख अफसरों के होश उड़ गए तो चिरौरी कर उन्हें लाए। बैठक में मुख्यमंत्री के सामने ही दशनाम जूना अखाड़े और बैरागी अखाड़े के साधुओं में खूब कहा-सुनी हुई। साधुओं ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि उज्जैन के कुंभ में शिवराज चौहान ने उनके लिए आधुनिक सुविधाओं वाले पंडाल बनाए थे। यूपी में भी यही हुआ था। पर उत्तराखंड की सरकार गंभीर नहीं। मुख्यमंत्री ने सफाई देनी चाही कि उन्हें अभी मेले के लिए केंद्र से फूटी कौड़ी भी नहीं मिली है। फिर भी अपने सीमित संसाधनों से वे मेले की भव्यता में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। दरअसल एक-दूसरे की सदा टांग खींचने वाले सारे अखाड़ों के साधू-संतों को संतुष्ट कर पाना भी तो सरकार के लिए टेढ़ी खीर है।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं। हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

# आपके पत्र

## बिजली, विरासत और बिरियानी

सीबीआइ के चर्चित वकील के एक झूठ ने कसाब वाली बिरयानी को शाहीन बाग के रास्ते चुनाव में पहुंचा दिया। दिल्ली में कांग्रेस लोगों तक न तो अपनी बिजली वाली विरासत पहुंचा सकी न ही बिरयानी की खुशबू। ख्वाहिशों को जिंदा रखने के लिए दिमाग की तंदरुस्ती बहुत अहम है वरना भूख मर जाती है। वह चाहे जीत की हो या बिरयानी की।

**-एमके मिश्रा त्वदीयं, मां आनंदमयनगर, रातू**

## ये जो राजनीति है

जनता भी टुकड़े-टुकड़े में बंट चुकी है। हर का अपना नेता और पार्टी है। सही या गलत बहस का विषय नहीं है। देखना यह होता है कि राजनीति से हमें निजी फायदा क्या मिलना है। बस इतने से ही मतलब है। मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अब राजनीति से विचार और सिद्धांत खत्म हो रहे हैं। आज की राजनीति में सिर्फ राजनेताओं का 'राज-पाट' है, जनता के लिए नीति ही गायब हो चुकी है। ऐसे में अगर नेता जी बाग-बाग बिरयानी की बात करते हैं तो अचरज की बात नहीं है। कोई मुफ्त बिजली और पानी दे रहा है ताकि सत्ता सुख सदैव बना रहे तो क्या, देश की चिंता किसे है?

**- हर्ष वर्द्धन, शिक्षाविद, कदमकुआं पटना।**

## विरासत में विघ्न

वोट के बाजार में मुफ्त लेनदेन की स्वांग रचती वह दुकानदारी है जहां बिना पूंजी के चक्रवृद्धि लाभ की लोकतांत्रिक लिप्सा बन चुकी है। 1971 में गरीबी हटाओ के बीजारोपण ने आज जो कल्पवृक्ष तैयार किया है उसके फल सभी राजनीतिक दल अपनी सुविधा से चखे जा रहे हैं। इस सत्ता समर के विजेता भाव भंगिमा में आज कांग्रेस भले निर्जीवता की सारथी घोषित है। लेकिन इसी पूंजी पर केजरीवाल ने बड़ी चतुराई से आधिपत्य कर विजय का डंका तो बजा ही दिया है। कांग्रेस आज पारिवारिक प्रहसन का पात्र बनकर अपनी पराजय की परछाई से नजरें चुराते हुए केजरीवाल की विजय गाथा को जनहितकारी की संज्ञा से विभूषित करने को व्यग्र है। जब शरीर की जीवन यात्रा गोधूलि बेला से निकलकर गहन रात्रि काल में प्रवेश कर गई हो तो उसके पाचन संस्थान से बदहजमी दूर होना असंभव दिखता है। उपाय यही है कि उस जीर्ण-शीर्ण काया को निर्वाण प्राप्ति की प्रतीक्षा की जाए।

**- अशोक कुमार, पटना।**

## जनता का मजाक उड़ाया

भारतीय लोकतांत्रिक न्यायिक व्यवस्था की मिसाल पूरी दुनिया में है, जिसे हम सब संविधान की किताब के रूप में जानते हैं। जो यहां के प्रत्येक नागरिक को एकता व समानता का अधिकार दिलाता है। लेकिन यहां लोकतंत्र में जनता के मुद्दों का न होना हास्यास्पद है। दिल्ली केंद्रशासित प्रदेश है, जहां से देश भर में चुनाव का माहौल तैयार होता है।

पूरी दुनिया अपने अतीत के स्वरूप को बदलकर आधुनिकता के प्रारूप को स्वीकार कर रही है। वहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव में अब भी राजनीतिक पार्टियां एक विदेशी व्यंजन बिरयानी पर धावा बोलकर दिल्ली के जनता का मजाक उड़ा रही थी।

**- नितेश कुमार सिन्हा, मोतिहारी, बिहार।**

## मुफ्तखोरी बनाम कल्याणकारी राज्य

किसी भी लोककल्याणकारी और प्रजावत्सल राज्य के शासक का यह प्रथम कर्तव्य है कि वह अपनी प्रजा की भलाई और कल्याण के लिए वह सब कुछ करे, जिससे उसकी प्रजा (जनता) हर दृष्टि से सुखी, संपन्न, शिक्षित व खुशहाल रहे। यह बात ऐतिहासिक दृष्टि से ईसा से पूर्व, रोमन, आर्य, मिस्र, चीनी सभ्यताओं के अलावे इतिहास में अपना अमिट स्थान रखने वाले, महान सम्राट अशोक प्रियदर्शी के समय से ही स्वयंसिद्ध है कि किसी भी शासक को महान होने के लिए उक्त इन्हीं जनहित व प्रजावत्सलता के मानवीय गुणों को ही सर्वोपरि गुण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अगर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की अपनी करोड़ों जनता के लिए उसकी मूल आवश्यकताओं बिजली, पानी, दवा को निःशुल्क प्रदान कर दिया है, तो उनके इस कार्य के लिए सभी को प्रशंसा करनी चाहिए। सम्राट अशोक से लेकर, साम्यवादी देशों तथा आज के यूरोप के कई आधुनिक कल्याणकारी देशों में भी शिक्षा, भोजन और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतें पाना जनता के मौलिक अधिकार हैं और उन्हें सरकारों द्वारा विधिसम्मत रूप से दिया भी जाता है। वैदिक साहित्य में 'दान देना सबसे बड़ा पुण्य है' कहने वाले दिल्ली की जनता को जनहित में बिजली, पानी और दवा निःशुल्क देने पर कुतर्क क्यों कर रहे हैं यह समझ से परे है।

**-निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।**

www.readwhere.com

# मैच फिक्सिंग : हाई कोर्ट ने चावला को अगले आदेश तक तिहाड़ भेजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

सट्टेबाजी और क्रिकेट मैच फिक्सिंग के मुख्य आरोपी संजीव चावला को निचली अदालत की ओर से पुलिस हिरासत में पूछताछ की अनुमति दिए जाने के एक दिन बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अगले आदेश तक तिहाड़ जेल भेज दिया। ब्रिटेन से प्रत्यर्पित चावला ने पुलिस रिमांड को शर्तों का उल्लंघन बताया था। शुक्रवार को उन्होंने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए कहा कि प्रत्यर्पण के दौरान गृह मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार को आश्वासन दिया था कि मुकदमे की सुनवाई के लिए उन्हें केवल तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। चूंकि अदालत में जांच अधिकारी मौजूद नहीं थे इसलिए न्यायाधीश अनु मल्होत्रा ने अपराध शाखा को निर्देश दिया कि मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करें और कहा कि अगले आदेश तक चावला को तिहाड़ जेल भेजा जाए। अदालत ने याचिका पर गृह मंत्रालय को भी नोटिस जारी किया और मामले में अगली सुनवाई की तारीख 19 फरवरी तय की।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेट कप्तान हैंसी क्रोनिए की संलिप्तता वाले मैच फिक्सिंग मामले के प्रमुख आरोपी और कथित सट्टेबाज संजीव चावला ने 12 दिन की अपनी पुलिस हिरासत को दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को चुनौती दी। संजीव चावला के वकील के मुताबिक प्रत्यर्पण के दौरान गृह मंत्रालय ने ब्रिटेन की सरकार को आश्वासन दिया था कि चावला को केवल मुकदमे का सामना करने के लिए तिहाड़ जेल में रखा जाएगा।

निचली अदालत ने चावला को गुरुवार को 12 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। अदालत ने कहा था कि मामले की आगे की जांच के लिए उसे देश भर के अनेक शहरों में ले जाया जाना है। चावला से पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस ने 14 दिन की हिरासत की मांग की थी। बचाव पक्ष ने रिमांड का विरोध करते हुए कहा था कि 22 सितंबर, 2017 को ब्रिटेन को दिए आश्वासन पत्र के अनुसार भारत सरकार ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को सुनवाई से पहले और सक्षम अदालत की ओर से दोषी ठहराए जाने की स्थिति में तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। इस पर अदालत ने कहा कि सुनवाई से पहले के चरण में जांच का चरण शामिल नहीं होता और पुलिस हिरासत में भेजने की मांग भारत सरकार के पत्र की भावना के विपरीत नहीं है।

निचली अदालत ने आरोपी को 25 फरवरी को अदालत में पेश करने के निर्देश दिए। अदालत को बताया गया कि चावला पांच मैचों की फिक्सिंग में शामिल था और बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए उसका विभिन्न लोगों से आमना-सामना कराना है। पुलिस ने अदालत को बताया कि क्रोनिए भी इसमें शामिल थे। क्रोनिए की 2002 में विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। चावला पर फरवरी-मार्च 2000 में दक्षिण अफ्रीका टीम के भारत दौरे पर मैच फिक्सिंग के लिए क्रोनिए के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप है।

# जीएसटी रिटर्न का नया फार्म होगा फायदेमंद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि माल और सेवाकर (जीएसटी) रिटर्न दाखिल करने के नए फार्म और ई-बिल से कारोबार सुगमता में मदद मिलेगी। इसके अलावा अप्रत्यक्ष कर के लिए आंकड़े जुटाना भी आसान होगा। जीएसटीएन, माल और सेवाकर के लिए प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराती है।

कुमार यहां पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के 'ई-बिल और जीएसटी रिटर्न दाखिल करने का नया प्रारूप' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ई-बिल कारोबार सुगमता और जीएसटी के लिए आंकड़े जुटाने में आसानी की ओर एक कदम है।

मानवीय स्तर पर आंकड़े जुटाने से गलत सूचना दर्ज होने और प्रतिलेखन त्रुटियां होने का डर रहता है। प्रणाली को पूर्णतः स्व-संचालित बनाने के लिए उसके मानकीकरण की जरूरत है।

कुमार ने कहा- बिलों का डिजिटलीकरण करने में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) समूह देशों में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाएं सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटलीकरण को करदाताओं की कारोबार प्रक्रिया का हिस्सा बनाने का और मानवीय स्तर पर आंकड़े जुटाने की व्यवस्था को दूर करने का लक्ष्य है।

पीएचडी चैंबर के चेयरमैन एनके गुप्ता ने कहा कि ई-बिल एक नई व्यवस्था है। इसमें कारोबारों के बीच आपस (बी2बी) में होने वाला लेनदेन जीएसटीएन के माध्यम से ही सीधा प्रमाणित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

# भारत-पुर्तगाल के बीच सात समझौते

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने शुक्रवार को द्विपक्षीय संबंधों के विविध आयामों पर व्यापक चर्चा की और दोनों देशों ने कारोबार, परिवहन, संस्कृति, निवेश, बौद्धिक संपदा सहित कई क्षेत्रों से जुड़े सात समझौते किए। पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा 13 से 16 फरवरी 2020 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, 'हमारा गठजोड़ अधिक मजबूती हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुर्तगाल के राष्ट्रपति रेबेलो डी सूसा ने भारत-पुर्तगाल संबंध के व्यापक आयामों पर चर्चा की, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे की ताकत से फायदा उठाना शामिल है।' पुर्तगाल दक्षिणी यूरोप में भारत के लिए एक महत्त्वपूर्ण देश है और पिछले 15 साल में द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति हुई है। अक्तूबर 2005 में पुर्तगाल ने अबू सलेम और मोनिका बेदी का प्रत्यर्पण किया था, जिनपर आतंक से जुड़े आरोप थे।

वार्ता के बाद दोनों देशों ने निवेश, कारोबार, परिवहन, पोत, संस्कृति, औद्योगिक व बौद्धिक संपदा जैसे क्षेत्रों में सहयोग से जुड़े समझौते किए। भारत और पुर्तगाल ने गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय नौवहन धरोहर संग्रहालय स्थापित करने के लिए पुर्तगाल के रक्षा मंत्रालय और भारत के पोत परिवहन मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन किया। इसके अलावा दोनों देशों के बीच औद्योगिक व बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

# शहीद जवानों के घर से एकत्रित मिट्टी का कलश सीआरपीएफ को सौंपा

श्रीनगर, 14 फरवरी (भाषा)।

पुलवामा आतंकी हमले में पिछले साल शहीद हुए सभी जवानों के घर से मिट्टी एकत्रित कर महाराष्ट्र के एक व्यक्ति ने उसका कलश शुक्रवार को सीआरपीएफ को सौंपा।

पुलवामा हमले की बरसी पर यहां लेथपुरा शिविर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के परिसर में शहीद स्तंभ पर यह कलश रखा गया।

उमेश गोपीनाथ ने सीआरपीएफ के 40 शहीद जवानों के परिवारों से मिलने के लिए 61 हजार किलोमीटर की यात्रा की और उनके घरों से मिट्टी ली।सीआरपीएफ ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के उमेश गोपीनाथ ने सीआरपीएफ को कलश सौंपा।

# सारा अब्दुल्ला की अर्जी पर जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस

पेज 1 का बाकी

बनर्जी के पीठ ने कहा कि उमर अब्दुल्ला की नजरबंदी को चुनौती देने वाली सारा अब्दुल्ला पायलट की याचिका पर दो मार्च को सुनवाई की जाएगी। सारा अब्दुल्ला पायलट की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। सारा अब्दुल्ला पायलट ने 10 फरवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर जम्मू कश्मीर जन सुरक्षा कानून 1978 के तहत अपने भाई की हिरासत को अवैध बताया और कहा था कि शांति व्यवस्था बहाल रखने को लेकर उनसे किसी खतरे का सवाल ही नहीं उठता। याचिका पर सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने सिब्बल से नजरबंदी के आधार के बारे में जानना चाहा। सिब्बल ने पुलिस अधीक्षक द्वारा उमर अब्दुल्ला को सौंपे गए दस्तावेज का हवाला दिया और कहा कि इसमें नजरबंदी की सारी वजहों का जिक्र है। पीठ ने जानना चाहा- क्या जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट में किसी ने आपकी ओर से कोई याचिका दायर की है? पीठ ने सिब्बल से कहा कि इसकी पुष्टि कर लें कि क्या वहां तो कोई मामला लंबित नहीं है। सिब्बल ने पीठ से कहा कि हाई कोर्ट में उनकी ओर से कुछ भी दायर नहीं किया गया है। पीठ ने नोटिस जारी करने के बाद कहा कि इस मामले में तीन हफ्ते बाद विचार किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री तीस से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पेज 1 का बाकी

काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में 430 बिस्तर का सुपर स्पेशिएलिटी सरकारी अस्पताल एवं बीएचयू में ही 70 बिस्तर वाला मनोरोग चिकित्सा अस्पताल शामिल है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, 'प्रधानमंत्री का श्री जगद्गुरु विश्वाराध्य गुरुकुल के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में शामिल होने का भी कार्यक्रम है। वे श्री सिद्धांत शिखामणि ग्रंथ के 19 भाषाओं में अनुदित संस्करण तथा इसके मोबाइल ऐप का भी विमोचन करेंगे।'

प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक केंद्र राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 63 फुट की पंच धातु प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे। यह देश में उनकी सबसे बड़ी प्रतिमा है। दो सौ से अधिक शिल्पकारों ने एक वर्ष तक दिन रात काम करके इस प्रतिमा को पूरा किया है। बयान के अनुसार, इस स्मारक केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और समय से संबंधित जानकारियां होंगी।

ओड़ीशा के लगभग 30 शिल्पकारों और दस्तकारों ने पिछले वर्ष के दौरान इस परियोजना पर कार्य किया है। प्रधानमंत्री वीडियो लिंक के माध्यम से आइआरसीटीसी की महाकाल एक्सप्रेस को रवाना करेंगे। यह ट्रेन तीन ज्योतिर्लिंग तीर्थस्थलों-वाराणसी, उज्जैन और ओंकारेश्वर को जोड़ेगी। यह देश में पहली ओवरनाइट निजी ट्रेन होगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री 'काशी एक रूप अनेक' कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

# आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए कदम उठाने को सरकार तैयार : सीतारमण

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जरूरत पड़ने पर सरकार बजट की घोषणाओं के अलावा और भी कदम उठाने को तैयार है। संपत्ति प्रबंधन, संपत्ति परामर्श, कर सलाहकार और अन्य संबंधित सेवाओं के पेशेवरों के साथ 'बजट और उसके बाद' विषय पर आयोजित परिचर्चा में मंत्री ने यह भी कहा कि 2020-21 का बजट ऐसा है जिसका इक्विटी, बांड और मुद्रा बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

सीतारमण ने कहा - अगर बजट के अलावा और कुछ करने की जरूरत पड़ती है, हम उसे करने को तैयार हैं। परिचर्चा के दौरान पेशेवरों ने देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए। सरकार ने एक फरवरी को पेश बजट में आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने को लेकर कई कदमों की घोषणा की है। यह घोषणा ऐसे समय की गई जब देश में कई कारणों से मांग में नरमी है। देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 5 फीसद रहने का अनुमान है। जो 11 साल का न्यूनतम स्तर है। परिचर्चा के दौरान पेशेवरों ने खपत बढ़ाने, ग्राहकों के पाकेट में और पैसा डालने, नकदी बढ़ाने के लिए जरूरी उपायों और पूंजी बाजार के बारे में कई सुझाव दिए। इसके अलावा प्रत्यक्ष कर से संबद्ध विवादों के समाधान को लेकर लाई गई 'विवाद से विश्वास' योजना को लेकर भी कई सुझाव दिए गए। इस योजना की घोषणा 2020-21 के बजट में की गई है।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय योजना के बारे में जल्दी ही विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराएगा। हालांकि योजना के क्रियान्वयन से पहले संसद की मंजूरी की जरूरत होगी।

# पुलवामा बरसी : सीमापार से नापाक हरकत

पेज 1 का बाकी

120-एमएम के मोर्टार इस्तेमाल किए। इस गोलाबारी में एक ग्रामीण की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों ने गोलाबारी मुंहतोड़ जवाब दिया और खबर लिखे जाने तक गोलीबारी जारी थी। पाकिस्तान ने ये हरकत तब की है, जब तुर्की के राष्ट्रपति रिसेप तैयब एर्दोगान इस्लामाबाद के दौरे पर हैं। संघर्षविराम के उल्लंघन से पहले पाकिस्तान ने कहा था कि भारत अगले कुछ दिनों में बड़ी कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता आएशा फारूकी ने बाकायदा प्रेस कांफ्रेंस में कहा इमरान खान सरकार को इस तरह का डर है।

# हथगोले के साथ तीन छात्र गिरफ्तार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को श्रीनगर के मागरमल बाग इलाके में तीन छात्रों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक हथगोला बरामद किया। एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर दोपहिया वाहन पर सवार तीन छात्रों को रोका। तलाशी के दौरान उन तीनों से एक हथगोला बरामद हुआ।

# कफील पर अब रासुका, जेल में ही रहना होगा

पेज 1 का बाकी

(रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है।

अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश कुलहरी ने बताया कि कफील के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की गई है और वह जेल में ही रहेंगे। कफील नए नागरिकता कानून के खिलाफ पिछले दिसंबर में अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मथुरा जेल में बंद हैं। हालांकि, उन्हें जमानत मिल चुकी है, मगर उन्हें रिहा नहीं किया गया है। रासुका के तहत किसी भी व्यक्ति को तब तक जेल में रखा जा सकता है, जब तक प्रशासन इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उस व्यक्ति से राष्ट्रीय सुरक्षा या कानून व्यवस्था को कोई खतरा नहीं है।

खान को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 29 जनवरी को मुंबई में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्हें मुंबई में गिरफ्तार करने के बाद अलीगढ़ लाया गया था, मगर उन्हें फौरन मथुरा जेल भेज दिया गया था। पुलिस का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय में नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है।

# पुलवामा हमला : षड्यंत्रकारी का अभी तक ठोस सुराग नहीं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

पिछले साल पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के पांच षड्यंत्रकारियों या इसे अंजाम देने वालों के सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में मारे जाने के साथ इस घटना की जांच उस बिंदु पर पहुंच गई है, जहां से संभवतः इसमें आगे बढ़ने का कोई रास्ता नहीं दिख रहा। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) को चुनौतियां मिल रही हैं, क्योंकि इस हमले को अंजाम देने वालों या इसके सरगना के बारे में कोई ठोस सूचना उपलब्ध नहीं है।

जांच में शामिल रहे एनआइए के एक आला अधिकारी के मुताबिक, 'हमारे लिए यह अंधेरे में हाथ पैर मारने जैसा एक मामला था। दबी जुबान से कई तरह की बातें की जा रही थीं लेकिन हर चीज के कानूनी पहलू का ध्यान रखना था।' पहली चुनौती तो आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार द्वारा हमले में इस्तेमाल की गई कार के असली मालिक का पता लगाना था। अमोनियम नाइट्रेट, नाइट्रो ग्लिसरीन और आरडीएक्स जैसे विस्फोटकों से लदा वाहन नष्ट हो गया था। फोरेंसिक पद्धतियों और बहुत ही सावधानीपूर्वक की गई जांचों से कार के सीरियल नंबर का पता लगाया गया और कुछ ही समय में वाहन के मालिकाना हक का शुरू से अंत तक पता कर लिया गया। इस विस्फोट में कार के परखचे उड़ गए थे। कार का अंतिम मालिक था बिजबेहरा निवासी सज्जाद भट, जो 14 फरवरी के (पुलवामा) आतंकी हमले से कुछ ही घंटे पहले लापता हो गया और जैश ए मोहम्मद आतंकी संगठन में शामिल हो गया। वह पिछले साल जून में मुठभेड़ में मारा गया।

आत्मघाती हमलावर आदिल अहमद डार था और साक्ष्यों से इसे स्थापित करना पड़ा। विभिन्न स्थानों से मानव अवशेषों को जुटा कर उन्हें डीएनए प्रोफाइलिंग के लिए भेजा गया। आत्मघाती हमलावर की पहचान कर ली गई और कार के मलबे से लिए गए डीएनए के नमूनों का उसके पिता के डीएनए से मिलान कर पुष्टि की गई।

# राहुल की सहानुभूति जैश व लश्कर से : भाजपा

पेज 1 का बाकी

से सहानुभूति रखने का आरोप लगाया। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का बयान उन शहीदों का अपमान हैं जिन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर की। राहुल पर निशाना साधते हुए भाजपा ने कहा कि पुलवामा नृशंस आतंकी हमला था और गांधी परिवार फायदे के अलावा और कुछ सोच ही नहीं सकता।

भाजपा प्रवक्ता जीवीएल नरसिम्हा राव ने अपने ट्वीट में आरोप लगाया, 'लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद से 'सहानुभूति रखने वाले व्यक्ति माने जाने वाले' राहुल गांधी ने न केवल सरकार पर बल्कि सुरक्षा बलों पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी वास्तविक दोषी पाकिस्तान से कभी सवाल नहीं करेंगे । राहुल, आपको शर्म आनी चाहिए।'

भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने अपने ट्वीट में कहा कि पुलवामा पर राहुल गांधी की टिप्पणियां उन शहीदों का अपमान हैं जिन्होंने देश के लिए अपनी जान न्योछावर की। 'पुलवामा से किसे सबसे ज्यादा फायदा हुआ' वाली टिप्पणी के लिए राहुल गांधी की आलोचना करते हुए हुसैन ने कहा कि कहा कि ऐसी टिप्पणियों से पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत पर इल्जाम लगाने में मदद मिलती है।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने अपने ट्वीट में कहा, 'पुलवामा में हुआ हमला नृशंस आतंकी हमला था और यह (राहुल का) एक नृशंस बयान है कि किसको फायदा हुआ।' पात्रा ने कहा, 'मिस्टर गांधी, क्या आप फायदे के आगे भी सोच सकते हैं? जाहिर तौर पर नहीं।' भाजपा प्रवक्ता ने कहा 'यह तथाकथित गांधी परिवार फायदे के अलावा और कुछ सोच ही नहीं सकता। वे सिर्फ भौतिक रूप से ही भ्रष्ट नहीं हैं।..उनकी आत्माएं भी भ्रष्ट हैं।'

बताते चलें कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में बड़ा आतंकी हमला हुआ था जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

# निर्यात में लगातार छठे महीने गिरावट

पेज 1 का बाकी

फीसद घटकर 25.97 अरब डॉलर रह गया। हालांकि इस दौरान आयात में भी 0.75 फीसद की गिरावट आई और यह 41.14 अरब डॉलर के बराबर रहा। इस तरह जनवरी माह में व्यापार घाटा (निर्यात से अधिक आयात) 15.17 अरब डॉलर रहा। जबकि इसके सापेक्ष जनवरी 2019 में व्यापार घाटा 15.05 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी 2019-20 के दस माह के दौरान निर्यात एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 1.93 फीसद गिरकर 265.26 अरब डॉलर रहा। इस दौरान आयात में 8.12 फीसद गिरावट रही और यह 398.53 अरब डॉलर रहा।

## दरअसल




# भारत लाया जाएगा हैदराबाद के निजाम का खजाना

पेज 1 का बाकी

एक मिलियन पाउंड और एक गिन्नी का है। 18 सिंतबर 1948 को हैदराबाद के भारत में विलय के बाद 20 सितंबर, 1948 को हैदराबाद सरकार के तत्कालीन वित्त मंत्री मॉइन नवाज जंग ने यह धन ब्रिटेन में तत्कालीन पाकिस्तान उच्चायुक्त हबीब इब्राहिम रहीमतुल्ला को भेज दिया था। कहा जाता है कि निजाम का झुकाव उस समय पाकिस्तान की तरफ ज्यादा था। बाद में यह रकम नेशनल वेस्टमिंस्टर बैंक की लंदन शाखा में जमा कर दी गई।

जैसे ही भारत सरकार को इसका पता चला तो अधिकारियों ने तुरंत निजाम से पूछताछ की, क्योंकि भारत में विलय के बाद निजाम ऐसा नहीं कर सकते थे। तब निजाम ने अपनी सफाई में कहा था कि यह रकम उनके मंत्री ने उनकी जानकारी के बगैर ट्रांसफर कर दी थी। बाद में मामला कोर्ट में चला गया। भारत ने इस धन पर यह कहते हुए दावा किया कि 1965 में निजाम ने यह पैसा भारत को दिया था। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के हवाले से बताया कि निजाम का धन 20 सितंबर 1948 को नेशनल वेस्टमिंस्टर बैंक अकाउंट में रख दिया गया था। भारत के लारा अदालत में दावेदारी के बाद पाकिस्तान ने भी इस खजाने पर अपना दावा पेश किया था।

बीते साल अक्तूबर में लंदन के हाई कोर्ट ने भारत और मुकर्रम जाह (हैदराबाद के 8वें निजाम) के पक्ष में फैसला सुनाया था। मुकर्रम और उनके छोटे भाई मुफ्फखम जाह पाकिस्तान के खिलाफ लंदन हाई कोर्ट में पिछले छह साल से यह मुकदमा लड़ रहे थे। बैंक ने पहले ही यह पैसा कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था। कोर्ट ने अब यह धन भारत और निजाम के वारिसों को देने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि साथ ही पाकिस्तान ने भारत सरकार को 2.8 मिलियन (करीब 26 करोड़ रुपए) चुकाए हैं। यह भारत द्वारा लंदन हाई कोर्ट में इस केस पर आए खर्च की 65 फीसद लागत है। बाकी बची हई लागत जो भारत ने खुद भरी है, उस पर अभी बातचीत चल रही है।

# कांग्रेस ने पूछा, किसे हुआ सबसे ज्यादा फायदा

पेज 1 का बाकी

किसे हुआ और इसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

गांधी ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर वाले ताबूतों की तस्वीर शेयर करते हुए ट्वीट किया, 'आज जब हम पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को याद कर रहे हैं तो हमें यह पूछना है कि इस हमले से सबसे ज्यादा फायदा किसको हुआ?' उन्होंने यह सवाल भी किया, 'हमले की जांच में क्या निकला? हमले से जुड़ी सुरक्षा खामी के लिए भाजपा सरकार में अब तक किसको जवाबदेह ठहराया गया है?' पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर कहा, 'पूरा देश पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। अभी ये सवाल बरकरार हैंः पुलवामा हमले की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? जवाबदेह कौन है? 350 किलोग्राम आरडीएक्स कौन लाया?' उन्होंने यह भी पूछा, 'हमले को लेकर खुफिया जानकारियों को नजरअंदाज क्यों किया गया? क्या दविंदर सिंह की कोई भूमिका थी?'

कांग्रेस प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने संवाददाताओं से कहा, 'भाजपा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए श्रेय लेने में पीछे नहीं रहती, लेकिन जब राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विफलता होती है, तो भाजपा मौन हो जाती है।' उन्होंने कहा कि दुनिया जानती है कि पुलवामा हमले के लिए पाकिस्तान जिम्मेदार है, लेकिन भाजपा सरकार बड़ी खुफिया विफलता और सुरक्षा चूक के बारे में चुप है।

# प्रधानमंत्री को केजरीवाल का न्योता

पेज 1 का बाकी

हैं। दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री कार्यालय के बाहर रंगरोगन का काम किया जा रहा है। वहीं, रामलीला मैदान में करीब 40 हजार लोगों के लिए इंतजाम किया जा रहा है। हालांकि बीते शपथ ग्रहण में करीब 35 हजार कुर्सियां लगाई गई थीं। आम आदमी पार्टी ने दूसरे राज्यों से विशेषतौर पर किसी को आंमत्रित नहीं किया है। लेकिन संभावना यह भी जताई जा रही है कि आसपास के राज्यों से भी लोग इस शपथ ग्रहण का हिस्सा बनेंगे। शपथ ग्रहण के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक की अध्यक्षता में 16 फरवरी को कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में देश के अन्य राज्यों में पार्टी के विस्तार और आगामी चुनावों को लेकर मंत्रणा की जाएगी। राय ने कहा कि दिल्ली में शानदार जीत से उत्साहित आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने विस्तार के लिए पूरे देश में स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# आधार से नहीं जुड़ा तो 31 मार्च के बाद निष्क्रिय हो जाएगा पैन

पेज 1 का बाकी

और मौजूदा समयसीमा 31 मार्च 2020 को समाप्त हो जाएगी।

विभाग के अनुसार 27 जनवरी 2020 तक 30.75 करोड़ पैन को पहले ही आधार से जोड़ा जा चुका है। हालांकि 17.58 करोड़ पैन को अभी 12 अंकों वाले आधार से जोड़ा जाना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि जिस व्यक्ति को एक जुलाई 2017 तक पैन आबंटित किए गए हैं, उन्हें उसे आयकर कानून की धारा 139 एए की उप-धारा (2) के तहत अपने आधार के बारे में 31 मार्च 2020 तक सूचना देनी है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित पैन उसके बाद निष्क्रिय हो जाएगा। आयकर कानून की धारा 139एए (2) के अनुसार एक जुलाई 2017 तक जिन लोगों के पास पैन है और आधार लेने के लिए पात्र हैं, उन्हें आधार संख्या के बारे में कर प्राधिकरण को जानकारी देनी होगी।

# आलू-प्याज ने बढ़ाई महंगाई, थोक मुद्रास्फीति 3.1 फीसद

पेज 1 का बाकी

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी दिसंबर के 2.32 फीसद से लगभग तीन गुना बढ़कर 7.8 फीसद हो गई।

खाद्य वस्तुओं में सब्जियों की कीमतें 52.72 फीसद बढ़ीं, जिसमें सबसे अधिक योगदान प्याज का रहा। इस दौरान प्याज की कीमतों में 293 फीसद बढ़ोतरी हुई, जबकि इसके बाद आलू की कीमतों में 37.34 फीसद इजाफा हुआ।

इस हफ्ते की शुरुआत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में छह साल के उच्चतम 7.59 फीसद के करीब पहुंच गई थी। इसकी मुख्य वजह सब्जियों और खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी रही। यह मई 2014 के बाद से मुद्रास्फीति की उच्चतम दर है, जब यह 8.33 फीसद थी।

इस बीच, रेटिंग एजंसी इक्रा की प्रधान अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी के चलते थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति आने वाले महीनों में और बढ़ सकती है। साथ में उनकी यह भी राय है कि कोरोना वायर से बाजार में जोखिम की धारणा तथा कच्चे तेल और दूसरी जिंसों की कीमतों पर नरमी के असर से फरवरी 2020 में थोक मूल्य पर आधारित महंगाई दर पर बेकाबू में रहेगी।

www.readwhere.com

